आषाढ़ कृष्णा - 10 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 332 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 01-07-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 चिराग पासवान ने नीट पर सरकार का किया बचाव, विपक्ष की आलोचना की

6 असुविधाजनक सड़कों की टोल टैस वसूली एक ज्यादती

7 कैंसर सर्वाइवर महिमा चौधरी ने बढ़ाया हिना खान का हौसला



## फर्स्ट टेक

### अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल में भर्ती

**मुंबई/भाषा।** बॉलीवुड के अनुभवी अभिनेता और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा को तेज बुखार के कारण यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके बेटे लव सिन्हा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'मेरे अपने', 'कालीचरण', 'विश्वनाथ', 'काला पत्थर' और 'दोस्ताना' जैसी 70 और 80 के दशक की फिल्मों के जरिये लोकप्रिय हुए 77 वर्षीय अभिनेता की अस्पताल में वार्षिक चिकित्सकीय जांच भी की जा रही है। सिन्हा को कब अस्पताल ले जाया गया, इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी है। लव ने एक व्हाट्सएप संदेश में 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ''मेरे पिता को तेज बुखार था और हमने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने का फैसला किया ताकि वह ठीक हो सकें और हम उनकी वार्षिक चिकित्सकीय जांच भी करा सकें।''

### रूस ने 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

**मास्को/एजेन्सी।** रूसी वायु रक्षा ने अपने कुर्स्क, लिपेत्स्क, वोरोनिश, ब्रांस्क, ओरयोल और बेलगोरोड क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित विमान का उपयोग करके हमले को अंजाम देने के प्रयास को रोका गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वायु रक्षा ने कुर्स्क क्षेत्र में 15 ड्रोन, लिपेत्स्क क्षेत्र में नौ ड्रोन, वोरोनिश और ब्रांस्क दोनों क्षेत्रों में चार ड्रोन और ओरीओल और बेलगोरोड दोनों क्षेत्रों में दो ड्रोन नष्ट कर दिए।

### पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

**काहिरा/एजेन्सी।** गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा, 'पिछले 24 घंटों में इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं, जिसमें 40 लोग मारे गये और 224 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी और घायलों की संख्या 86,858 हो गई। गौरतलब है कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन कर नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया।

| सूर्यास्त | सूर्योदय |
|---|---|
| 01-07-2024 | 02-07-2024 |
| 6:39 बजे | 5:46 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 79,032.73 | 24,010.60 |
| (-210.45) | (-33.90) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,438 रु. | 94,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### विश्व विजयी

छू लिया आसमां लड़कों ने,
गर्वित भारत के गाँव-शहर।
हर कंठ-कंठ गा उठा जिसे,
बन गई ग़ज़ल की सधी बहर।
आशीष दे रहा है जन-मन,
ईश्वर की उन पर रहे महर।
सारे जग को ले गई बहा,
रोहित-दल की पुरजोर लहर।।

# योग, भारतीय भाषा, संस्कृति का प्रसार गौरव का क्षण : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें।

मोदी ने मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित शृंखला 'मन की बात' के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं।

उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा, दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और वो भी हिन्दी में। 'कुवैत रेडियो' पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहाँ तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहाँ के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने ये शानदार पहल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है, उससे किस भारतीय को खुशी नहीं होगी।

■ 'मन की बात' का 111वां संस्करण



### संस्कृत को सम्मान दें, दैनिक जीवन में स्थान दें : मोदी

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा संस्कृत को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए आज कहा कि इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित शृंखला 'मन की बात' के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया। उन्होंने कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, मम प्रिया: देशवासिन: अद्य अहं किञ्चित् चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं। उन्होंने कहा, आप सोच रहे होंगे कि 'मन की बात' में अचानक संस्कृत में क्यों बोल रहा हूँ ? इसकी वजह, आज संस्कृत से जुड़ा एक खास अवसर है। आज 30 जून को आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के 50 साल पूरे कर रहा है। 50 वर्षों से लगातार इस बुलेटिन ने कितने ही लोगों को संस्कृत से जोड़े रखा है। मैं आकाशवाणी परिवार को बधाई देता हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा, साथियों, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें।

### 65 करोड़ मतदाताओं को मोदी ने दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनावों के बाद आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के पहले प्रसारण में देश के 65 करोड़ मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने पर बधाई दी और धन्यवाद ज्ञापित किया। मोदी ने मन की बात के 111वें अंक में कहा, मैं आज देशवासियों को धन्यवाद भी करता हूँ कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूँ।

### राम पथ के निर्माण में लापरवाही की जांच के लिये समिति गठित

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** शुरुआती बारिश में ही लगभग एक दर्जन स्थानों पर धंसने की वजह से चर्चा में आये राम पथ के निर्माण में घोर लापरवाही की जांच के लिए अयोध्या प्रशासन ने एक समिति गठित की है। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने रविवार को बताया, ''सभी संबंधित विभागों की एक समिति गठित की गई है, जो जांच करेगी और 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। यह समिति उन सीवेज चैंबर/मैनहोल के निर्माण से संबंधित गड़बड़ियों की जांच करेगी जिनमें गड्ढे हो गये हैं।'' दयाल ने कहा कि राम पथ करीब 14 किलोमीटर लंबा है और इसका निर्माण मानकों के अनुसार गुणवत्ता के साथ किया गया है। उन्होंने कहा, ''इस पथ में एक क्षेत्र ऐसा है, जहां सीवर लाइन बिछाई गई थी। ऐसे ही छह-सात स्थानों पर गड्ढे हो गये हैं।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों में पूरी अयोध्या में करीब 5,500 सीवर चैंबर बनाए गए हैं, जिनमें से केवल आठ या नौ स्थानों पर ही ऐसी समस्या आई है, वह भी अत्यधिक बारिश के कारण ऐसा हुआ है।



## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है।

जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

सेना ने एक बयान में कहा, ''जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है।''

### अमरनाथ तीर्थयात्रा



वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा के दूसरे दिन रविवार को लगभग 15,000 श्रद्धालुओं ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन किए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पहले दो दिनों में अमरनाथ गुफा में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की कुल संख्या अब 28,000 को पार कर गई है। अधिकारियों ने यहां बताया, ''रविवार को 14,717 तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए।'' उन्होंने बताया कि गुफा मंदिर में दर्शन करने वालों में 9,979 पुरुष तीर्थयात्री और 3,439 महिला तीर्थयात्री शामिल थे। एक हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों, 83 बच्चों और दो ट्रांसजेंडर ने भी तीर्थयात्रा की।

## विराट, रोहित के बाद जडेजा ने भी लिया टी-20 से संन्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बारबाडोस/एजेन्सी।** भारत को दूसरा टी-20 विश्वकप खिताब दिलाने वाले टीम के कप्तान रोहित शर्मा, रन मशीन विराट कोहली के बाद ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने भी अंतरराष्ट्रीय टी-20 से संन्यास ले लिया है।

जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट के जरिए टी-20 को 'अलविदा' कहा। उन्होंने लिखा, (आप सभी का) पूरे दिल से आभार व्यक्त करते हुए, मैं टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहता हूं। पूरे गर्व के साथ सरपट दौड़ते हुए एक अडिग घोड़े की तरह, मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। इतनी सारी यादों, उत्साहवर्धन और आपके समर्थन के लिए तहे दिल से शुक्रिया।



जाडेजा 74 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद संन्यास लिया हैं। शनिवार को सम्पन्न हुए विश्व कप की पांच पारियों में उन्होंने केवल 22 गेंदों का सामना किया और 35 रन बनाए। साथ ही गेंदबाजी में उन्होंने 14 ओवर में 7.57 की इकॉनॉमी रेट से एक विकेट लिया। सभी टी-20 मैच में जाडेजा ने 127.16 की इकॉनमी से कुल 515 रन बनाए और 7.13 की इकॉनमी से 54 विकेट लिए। वह टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड क्षेत्ररक्षकों में से एक है।

विश्वकप फाइनल जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत मे रोहित ने कहा, यह मेरा भी आखिरी टी-20 मैच था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर लम्हा नहीं है। मैंने हर लम्हे का आनंद लिया है। मेरे करियर की शुरुआत ही इस प्रारूप के साथ हुई थी। मैं बस इस कप को जीतना चाहता था।

उन्होंने कहा, मैं सच में इस कप को जीतना चाहता था। इसको शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल है। मैं अपने करियर में सच में इस खिताब को चाहता था। मैं खुश हूं कि हम लाइन को पार कर पाए हैं।

### रियासी आतंकवादी हमला: एनआईए ने राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है। आतंकवादियों ने नौ जून की शाम रियासी जिले के पौनी इलाके में शिव खोड़ी से कटरा जा रही यात्रियों की एक बस पर गोलीबारी की थी, जिससे बस पास एक खाई में गिर गई थी और एक बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी। एनआईए ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 15 जून को जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने 'हाइब्रिड' आतंकवादियों और उनके सहयोगियों से जुड़े पांच स्थानों की तलाशी ली।

## कांवड़ यात्रा और मुहर्रम के दौरान धार्मिक आस्था का सम्मान करें : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा के मार्ग पर खुले में मांस की बिक्री और खरीद पर प्रतिबंध लगाने का फैसला रविवार को किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार आगामी त्योहारों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था और इन त्योहारों के सफल आयोजन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने शरारती और उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निपटने और कांवड़ यात्रा की ड्रोन से भी निगरानी करने के निर्देश दिये।



राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री ने आगामी कांवड़ यात्रा, मुहर्रम तथा अन्य त्योहारों के मद्देनजर पुलिस आयुक्तों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करके कानून व्यवस्था और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा, ''कांवड़ यात्रा आस्था का आयोजन है। परम्परागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका अंग रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि डीजे, गीत-संगीत आदि की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। डीजे की ऊंचाई एक निश्चित सीमा से अधिक न हो।'' उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुलेआम मांस आदि की खरीद-फरोख्त न हो। यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई रखी जाए। शरारती तत्वों पर नजर रखने के निर्देश देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''शरारती तत्व दूसरे समुदाय के लोगों को अनावश्यक रूप से भड़काने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास कर सकते हैं। ऐसे मामलों पर नजर रखी जाए। हमें हर समय सतर्क रहना होगा, ताकि कोई भी सुरक्षा में सेंध न लगा सके। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन किया जाए, उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निपटा जाए और ड्रोन से भी निगरानी की जाए।''

# नए आपराधिक कानून आज से लागू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमश: भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे।

**नई दिल्ली/भाषा।** तीन नये आपराधिक कानून सोमवार से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा।

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमश: भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे।

नये कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन कानूनों में कुछ मौजूदा सामाजिक वास्तविकताओं और अपराधों से निपटने का प्रयास किया गया और संविधान में निहित आदर्शों को ध्यान में रखते हुए इनसे प्रभावी रूप से निपटने का एक तंत्र मुहैया कराया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नये कानून न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता देंगे जबकि अंग्रेजों (देश पर ब्रिटिश शासन) के समय के कानूनों में दंडनीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी गयी थी। उन्होंने कहा, ''इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है तथा यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं।''

नये कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी।

नये कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है।

## जम्मू-कश्मीर के रियासी में उपासना स्थल पर 'तोड़फोड़', 12 लोग हिरासत में लिए गये

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में अज्ञात लोगों ने एक उपासना स्थल पर कथित रूप से तोड़फोड़ की। इस घटना के खिलाफ रविवार को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर इस घटना के सिलसिले में कम से कम 12 लोगों को हिरासत में लिया है। उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने कहा कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। धरमाड़ी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम को एक आगंतुक द्वारा उपासना स्थल पर तोड़फोड़ की गई, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्वत:स्फूर्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि दोषियों की पहचान की जाये और उन्हें दंडित किया जाये।

## मानव सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अखिल भारतीय कर्नाटक दाधीच महिला मंडल प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को विजयनगर स्थित सहाना चैरिटेबल ट्रस्ट फॉर डिसेबल्ड आश्रम में राशन सामग्री, कपड़े, दवाइयां, पेन आदि उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर अध्यक्ष सुषमा आसोपा, ममता दाधीच, रमा भेड़ा, सरिता मंडोलिया, रचना सूंठवाल, देवयानी सूंठवाल, पूनम जोशी, नीमा बगड़िया, विजयलक्ष्मी जाजोदिया ने मिलकर अपने हाथों से आश्रम के बच्चों को भोजन भी करवाया तथा उनके साथ समय भी बिताया।

# किसान का बेटा होने से उपराष्ट्रपति पद तक की वेंकैया नायडू की यात्रा प्रेरणादायी : मोदी


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के 75वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर उनकी जीवन यात्रा पर आधारित तीन पुस्तकों का रविवार को विमोचन किया और आपातकाल के खिलाफ लड़ाई और केंद्रीय मंत्री तथा उपराष्ट्रपति के रूप में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने हाल में आपातकाल की 50वीं बरसी मनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि नायडू आपातकाल के खिलाफ लड़ाई के दौरान लगभग 17 महीने जेल में भी रहे थे।

मोदी ने आरोप लगाया कि देश के संविधान की छवि को धूमिल करके कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था। मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पुस्तकों का विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि वह खुश हैं कि उन्हें पुस्तकों का विमोचन करने का अवसर मिला और उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि उनके समेत पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं को नायडू से सीखने का अवसर मिला है। मोदी ने कहा कि किसान का बेटे होने से लेकर केंद्रीय मंत्री और उपराष्ट्रपति जैसे उच्च पदों पर आसीन होने तक नायडू का सफर कई अनुभवों से भरा है। उन्होंने कहा कि नायडू ने पार्टी में वरिष्ठ होने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कैबिनेट में ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला, क्योंकि वह गांवों, किसानों और गरीबों की सेवा करना चाहते थे। मोदी ने कहा कि उनके कैबिनेट में शहरी विकास मंत्री रहे नायडू ने स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन सहित कई पहल शुरू करने में अहम योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने जिन पुस्तकों का विमोचन किया, उनमें पूर्व उपराष्ट्रपति की जीवनी ''वेंकैया नायडू – लाइफ इन सर्विस'', ''सेलेब्रेटिंग भारत – द मिशन एंड मैसेज ऑफ श्री एम. वेंकैया नायडू एज थर्टीन्थ वाइस प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया'' और तेलुगु में चित्र वृत्तांत ''महानेता – लाइफ एंड जर्नी ऑफ श्री एम वेंकैया नायडू'' शामिल हैं। हैदराबाद में पुस्तक के विमोचन के अवसर पर वेंकैया नायडू, कई अन्य नेता व प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। नायडू ने पुस्तकों के विमोचन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अराकू कॉफी का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया



**अमरावती/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने'मन की बात' की नवीनतम कड़ी में राज्य की अराकू कॉफी का समर्थन करने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने उनका धन्यवाद किया है। प्रधानमंत्री ने 2016 में विशाखापत्तनम में अराकू कॉफी का आनंद लेते हुए अपनी, नायडू और अन्य लोगों की दो तस्वीरें भी पोस्ट की।

प्रधानमंत्री के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, इसे साझा करने और आंध्र प्रदेश के उत्पाद का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यावाद। मैं आपके साथ एक और कप का आनंद लेने के लिए उत्सुक हूं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि वे अराकू कॉफी के प्रशंसक रहे हैं और इसकी खेती आदिवासी सशक्तीकरण से जुड़ी हुई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के कहा कि अराकू कॉफी हमारे आदिवासी भाइयों और बहनों द्वारा प्रेम के साथ उगाई जाती है।

# महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगा : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी–शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।

राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं।

पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे।

पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जिस तरह (महाभारत में) अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी, उसी तरह हमारी नजरें महाराष्ट्र के चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी।

पवार ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू हो जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह शुक्रवार को यहां शुरू हुई पवित्र (तीर्थयात्रा) 'पालकी' यात्रा में भाग लेंगे पवार ने कहा, पालकी बारामती (पुणे जिले में) स्थित मेरे गांव से पंढरपुर तक जाएगी। मैं बारामती में पवित्र 'पालकी' यात्रा का स्वागत करूंगा।

पूज्य संत तुकाराम और ज्ञानेश्वर महाराज के पदचिह्नों को लेकर 'पालकी' यात्रा पिछले दो दिनों में क्रमशः पुणे के देहू और आलंदी से सोलापुर जिले के पंढरपुर के लिए रवाना हुई। पालकी यात्रा 17 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर में भगवान विट्ठल के मंदिर पहुंचेगी।

## ठाणे में विवाद के चलते मंदिर की बेअदबी की गयी, प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर एक मंदिर की बेअदबी करने के बाद पुलिस ने इस मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (किसी भी वर्ग के लोगों के धर्म का अपमान करने के इरादे से पूजा स्थल या पवित्र वस्तु को नष्ट करना, नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि यह कथित घटना 23 जून को शहर के हजूरी इलाके में हुई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक महिला को परेशान भी किया। उन्होंने बताया कि घटना के दिन महिला अपने रिश्तेदारों के साथ मंदिर में थी, तभी करीब 150 लोगों की भीड़ जूते पहनकर परिसर में घुस आई और हंगामा मचाने लगी। इस घटना के मद्देनजर सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## संसद 50 प्रतिशत की सीमा से ज्यादा आरक्षण उपलब्ध कराने के लिये कानून बनाए : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए ताकि 50 फीसदी की सीमा से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

कांग्रेस के इस बयान के एक दिन पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल जनता दल–यूनाइटेड(जदयू) ने मांग की थी कि बिहार में आरक्षण में बढ़ोतरी को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। जद(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी ने हाल ही में पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के बिहार सरकार के फैसले को खारिज कर दिया था। बैठक में पारित एक राजनीतिक प्रस्ताव में जदयू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की 9वीं अनुसूची के तहत डालने का आग्रह किया ताकि इसकी न्यायिक समीक्षा को खारिज किया जा सके।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पूरे लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी दल कहता रहा कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण से संबंधित सभी राज्य कानूनों को 9वीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा, ''यह अच्छी बात है कि जदयू ने कल पटना में यही मांग की है। लेकिन राज्य और केंद्र, दोनों में उसकी सहयोगी भाजपा इस मामले में पूरी तरह से चुप है।''

## हो सकता है हरियाणा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा पेश ना करे कांग्रेस : बाबरिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया ने रविवार को संकेत दिया कि पार्टी इस साल के अंत में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद के वास्ते किसी चेहरे को आगे किये बगैर मैदान में उतर सकती है। हरियाणा के प्रभारी कांग्रेस महासचिव बाबरिया ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी बड़े जनादेश के साथ चुनाव जीतेगी और राज्य में अपनी सरकार बनाएगी।

बाबरिया ने एक सवाल के जवाब में संकेत दिया कि हो सकता है कि कांग्रेस चुनाव से पहले किसी को भी अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश नहीं करे। उन्होंने यह बात तब कही जब उन्हें बताया गया कि शनिवार को पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अकेले चुनाव लड़ेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस भी भाजपा की तरह चुनाव से पहले अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करेगी, बाबरिया ने ऐसा कुछ नहीं करने की पार्टी की परंपरा की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी की 70 साल पुरानी परंपरा है कि विधायक दल जिसे भी चुनेगा...और 99.99 प्रतिशत परंपरा यह है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत करता है...। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आखिरकार, निर्वाचित विधायकों की इच्छा के अनुसार ही निर्णय लिया जाएगा।

साथ ही, बाबरिया ने यह भी कहा, यह (मुख्यमंत्री पद का चेहरा) एक बड़ा राजनीतिक फैसला है। एक गोपनीयता का भी मुद्दा है, हम इसकी सार्वजनिक बहस में नहीं जाना चाहते। इसी से जुड़े एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि पिछले साल एक राज्य में हुए चुनाव में मुख्यमंत्री पद के लिए पांच दावेदार थे, लेकिन किसी को भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाया गया और फिर भी कांग्रेस भारी बहुमत के साथ राज्य में सत्ता में आयी। उन्होंने कहा, हरियाणा में भी हम बड़ी जीत के साथ सत्ता में आएंगे। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा कांग्रेस में अंदरूनी कलह को लेकर अक्सर निशाना बनाए जाने के बारे में पूछे जाने पर बाबरिया ने कहा, भाजपा के पास कोई विमर्श नहीं है। वह कहती है कि हमारे बीच मतभेद हैं और मीडिया के जरिये इसे बढ़ा–चढ़ाकर पेश करना चाहती है।



# गुजरात के कई इलाकों में हुई भारी बारिश, पलसाना में मात्र दस घंटों में 153 मिमी वर्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात के कई इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई जिससे अहमदाबाद और सूरत सहित कुछ शहरों में जलभराव के कारण सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सूरत जिले के पलसाना तालुका में मात्र दस घंटों में 153 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक बारिश है।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सूरत, भुज, वापी, भरूच और अहमदाबाद के निचले इलाकों में पानी भर जाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को कुछ सड़कों और अंडरपास से यात्रा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मौसम विभाग के मुताबिक, गुजरात में अगले चार दिनों तक बारिश जारी रहने की संभावना है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि रविवार सुबह छह बजे से शाम चार बजे के बीच मात्र 10 घंटों में 43 तालुकों में 40 मिमी से अधिक बारिश हुई, जबकि पलसाना तालुका में 153 मिमी बारिश हुई।

सूरत जिले के चार तालुकों बारदोली, सूरत शहर, कामरेज और महुवा में दस घंटों में क्रमशः 135 मिमी, 123 मिमी, 120 मिमी और 119 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुजरात के वलसाड जिले के वापी में 117 मिमी, सूरत के ओलपाड में 116 मिमी, वलसाड तालुका में 102 मिमी, कपराडा में 90 मिमी, नवसारी के खेरगाम में 88 मिमी, भरूच तालुका में 86 मिमी, धरमपुर में 73 मिमी और मोरबी तालुका में 72 मिमी बारिश हुई। गुजरात के अहमदाबाद में सुबह छह बजे से शाम चार बजे के बीच 62 मिमी बारिश हुई, जिसके कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सौराष्ट्र क्षेत्र से सटे उत्तर–पूर्व अरब सागर पर चक्रवाती परिसंचरण के कारण गुजरात में भारी बारिश हो रही है।

आईएमडी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दक्षिण और मध्य गुजरात तथा सौराष्ट्र क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर अगले दो दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, दक्षिण गुजरात के वलसाड, नवसारी जिले तथा उत्तर गुजरात के बनासकांठा जिले में तीन से चार जुलाई के बीच भारी बारिश होने की संभावना है।

## दसवीं तक पढ़े तीन युवकों ने आईटी कंपनी स्थापित करके पांच लाख रुपये ठगे, गिरफ्तार

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र में 10वीं तक पढ़े तीन युवकों ने 'आईटी सल्यूशंस कंपनी' स्थापित की और ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिये नागपुर निवासी एक व्यक्ति से कथित तौर पर पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि तीनों आरोपियों को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। नागपुर साइबर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान पालघर के विरार निवासी अतुल इंद्रपति सिंह (32), नालासोपारा के नीरज शामकुमार चौबे (26) और दहिसर के विकास मेघलाल साव (23) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, तीनों ने हाल ही में समर्थ आईटी सल्यूशंस नाम की एक कंपनी की स्थापना की और गूगल पर अपने संपर्क विवरण सूचीबद्ध किए। पुलिस ने बताया कि नागपुर के महल क्षेत्र के निवासी अतुल उइके को मई में अपने मोबाइल डिवाइस पर 'फोनपे' ऐप में समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने गूगल पर ग्राहक सेवा से संपर्क करने की जानकारी खोजी और समर्थ आईटी सॉल्यूशंस द्वारा सूचीबद्ध नंबर पाया। अधिकारी ने कहा कि दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए उइके ने एक वीडियो कॉल की जिस दौरान जालसाजों ने उसके फोन की 'सेटिंग्स' में हेरफेर किया और वादा किया कि ऐप रात तक काम करना शुरू कर देगा। उन्होने कहा कि इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान उसके बैंक खाते से तीन बार में (पहले 1.49 लाख, फिर 1.99 लाख और 1.49 लाख रुपये) में पांच लाख रुपये अन्यत्र अंतरित कर दिये गये।

## हैदराबाद में कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता राजा सिंह की धमकी पर रद्द

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद में शनिवार को आयोजित 'स्टेंड–अप कॉमेडियन' डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद्द कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी।

सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके 'पिछले शो के कारण हुई अशांति' के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है। उन्होंने कहा, हमें अब भी हिंसा और तोड़फोड़ की धमकी देने वाले कॉल, संदेश और ईमेल मिल रहे हैं। कोई भी मेरे दर्शकों, मेरे दल और मेरी सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है। मैं पूर्व में कही गई अपनी किसी बात के कारण किसी को जोखिम में नहीं डालना चाहता। किसी कलाकार के काम से असहमत होना ठीक है। लेकिन यह कहना कि मैं किसी कलाकार के खिलाफ हिंसा करूंगा क्योंकि मुझे उसका काम पसंद नहीं है, इसका जवाब नहीं है।''

राजा सिंह ने एक वीडियो में आरोप लगाया कि डेनियल फर्नांडिस ने जैन समुदाय पर कॉमेडी की आड़ में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने डेनियल फर्नांडिस से कार्यक्रम रद्द करने को कहा अन्यथा उन्हें कार्यकर्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ेगा जिसके चलते उन्हें भविष्य में हैदराबाद या तेलंगाना आने से पहले 50 बार सोचना पड़ेगा। भाजपा नेता ने पुलिस आयुक्त से कार्यक्रम रद्द कराने की मांग की।

## 'केंद्र ने स्मार्ट सिटी मिशन का विस्तार मार्च 2025 तक किया'

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की ओर से हाल ही में की गई सकारात्मक अपील के जवाब में केंद्र सरकार ने 'स्मार्ट सिटी मिशन' को मार्च 2025 तक विस्तारित कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अपने हालिया दिल्ली दौरे के दौरान रेड्डी ने ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और उनसे 'स्मार्ट सिटी मिशन' की समय सीमा जून, 2025 तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

जनता के व्यापक हित में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने काम पूरा होने तक 'स्मार्ट सिटी मिशन' के विस्तार के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एक सकारात्मक प्रतिक्रिया के तहत केंद्र सरकार ने शनिवार को राज्यों को एक पत्र लिखकर 'स्मार्ट सिटी मिशन' को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन

CHANGE OF NAME

I, Service No.10291276H, Rank Hav **Dileep Kumar P** of Unit 1014 DSC PL, HAL, Bangalore, C/o 56 APO, do hereby declare that in my Service Records my Daughters name was wrongly /erroneously recorded as **Adithya Dileep** instead of **Adithya Dileep D** as per Birth Certificate and School Document, Hence I have Changed my daughters name to **Adithya Dileep D** vide Affividavit Dated 28th June 2024 before Notary Guna Shekar, Bengaluru-560005

# जीएसटी ने कर अनुपालन को सरल बनाया, कर संग्रह बढ़ा, फर्जी आईटीसी सृजन अभी भी चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सात साल पहले पेश किए गए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने अनुपालन को सरल बनाया, कर संग्रह बढ़ा और राज्यों के राजस्व में वृद्धि हुई।

विशेषज्ञों ने साथ ही जोड़ा कि फर्जी चालान और धोखे से पंजीकरण की घटनाएं अभी भी करदाताओं के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। जीएसटी देश में एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। इसने 17 करों और 13 उपकरों को पांच स्तरीय संरचना में व्यवस्थित किया, जिससे कर प्रणाली सरल हो गई। इसके तहत पंजीकरण के लिए कारोबार की सीमा वस्तुओं के लिए 40 लाख रुपये और सेवाओं के लिए 20 लाख रुपये हो गई। वैट के तहत यह सीमा औसतन पांच लाख रुपये से ऊपर थी। जीएसटी ने राज्यों में 495 अलग–अलग प्रस्तुतियों (चालान, फॉर्म, घोषणाएं आदि) को भी घटाकर सिर्फ 12 कर दिया है। सात वर्षों में पंजीकृत करदाताओं की संख्या 2017 में 65 लाख से बढ़कर 1.46 करोड़ हो गई है। जीएसटी से औसत मासिक राजस्व 2017–18 में 90,000 करोड़ रु. से बढ़ 2024–25 में लगभग 1.90 लाख करोड़ रुपये हो गया है। आंकड़ों के अनुसार जीएसटी ने कर उछाल को 0.72 (जीएसटी से पहले) से बढ़ाकर 1.22 (2018–23) कर दिया है। मुआवजा खत्म होने के बावजूद, राज्यों का कर उछाल 1.15 पर बना हुआ है। जीएसटी के बिना, वित्त वर्ष 2018–19 से 2023–24 तक राज्यों का राजस्व 37.5 लाख करोड़ रु. होता। जीएसटी के बाद राज्यों का वास्तविक राजस्व 46.56 लाख करोड़ रु. था।

## उत्तराखंडः केदारनाथ के पास हिमस्खलन, जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं

**रूद्रप्रयाग/भाषा।** केदारनाथ से चार किलोमीटर ऊपर बर्फीले इलाके में रविवार तड़के एक तेज आवाज के साथ हिमस्खलन हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि यह हिमस्खलन सुबह पांच बजकर छह मिनट पर केदारनाथ घाटी के ऊपरी छोर पर स्थित हिमाच्छादित मेरु–सुमेरु पर्वत श्रृंखला के नीचे चौराबाड़ी हिमनद में गांधी सरोवर के ऊपरी क्षेत्र में हुआ। रूद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने संवाददाताओं को बताया कि चौराबाड़ी हिमनद में सुबह हुए हिमस्खलन से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और केदारनाथ सहित पूरा क्षेत्र सुरक्षित है। इस इलाके में हिमस्खलन एक सामान्य प्राकृतिक घटना है।



# केरल में एम्स की स्थापना को लेकर थरूर और राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा। थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

थरूर ने कहा, ''मैंने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि कोई भी सांसद अपनी पसंद के किसी भी स्थान पर एम्स स्थापित करने का वादा नहीं कर सकता। यह इस बात पर निर्भर करता है कि राज्य सरकार क्या प्रस्ताव देती है और केंद्र सरकार उस पर सहमत होती है या नहीं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे काफी प्रयासों और निर्वाचन क्षेत्र में एम्स के लिए गहन पैरवी के बावजूद मैंने मतदाताओं को ईमानदारी से बताया था कि राज्य सरकार ने कोझिकोड को चुना है और केंद्र के पास यही एकमात्र विकल्प था।''

थरूर ने कहा, ऐसे में उन भाजपा उम्मीदवारों को शर्म आनी चाहिए जिन्होंने झूठे वादे कर मतदाताओं को गुमराह किया है।'' अपनी प्रतिक्रिया में चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते।

उन्होंने कहा, 15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है। बार्सिलोना, उच्च न्यायालय की पीठ आदि बनाने तक की बात कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि कोझिकोड को एम्स मिल रहा है। ऐसा नहीं होता यदि भाजपा या राजग सांसद ने टीवीएम (तिरुवनंतपुरम) का प्रतिनिधित्व किया होता और उसके लिए लड़ाई लड़ी होती जो कि मैं करूंगा। उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मैं अगले पांच वर्ष में तिरुवंतपुरम में इतने विकास कार्य करेंगे जो इतने साल में यहां बैठकर लोगों को अपनी चिकनीचुपड़ी बातों में फंसाने वाले और झूठ बोलने वाले नहीं कर सके।

हाल में हुए लोकसभा चुनाव से पहले तिरुवनंतपुरम सीट से राजग उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने आश्वासन दिया था कि सांसद चुने जाने के बाद वह निर्वाचन क्षेत्र में एम्स स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने चंद्रशेखर को हराकर तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट पर रिकॉर्ड चौथी बार जीत हासिल की थी।

# केंद्र को विकास के लिए राज्य-विशिष्ट वित्तीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए : वित्त मंत्री, केरल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने राज्य की वित्तीय समस्याओं से निपटने के लिए केंद्र सरकार से अधिक धनराशि की मांग की है।

उन्होंने रविवार को कहा कि केंद्र को राज्यों के प्रति एक समान वित्तीय दृष्टिकोण के बजाय राज्य-विशिष्ट दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक राज्य की विकास गतिविधियां अलग-अलग हैं। बालगोपाल दक्षिणी राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता में आई माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सदस्य हैं। उन्होंने जोर दिया कि समग्र विकास के बारे में एकपक्षीय सोच व्यावहारिक नहीं है और उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के आधार पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के उपयोग में लचीलेपन का भी आह्वान किया।



केंद्रीय निधि हस्तांतरण में कमी और उधार प्रतिबंधों पर गंभीर चिंता जताते हुए, केरल ने नकदी संकट से निपटने के लिए आगामी आम बजट में 24,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग की है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, देश के सम्पूर्ण विकास और प्रशासन के बारे में एकरूप सोच भारत में व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि देश के सम्पूर्ण विकास और एकता को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग राज्यों पर अलग-अलग तरीके से विचार किया जाना चाहिए...।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता के अनुसार, 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान विभाज्य पूल से केरल का हिस्सा घटकर 1.92 प्रतिशत रह गया, जबकि 10वें वित्त आयोग के दौरान यह 3.87 प्रतिशत था। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार राज्यों के समक्ष उपस्थित मुद्दों पर गंभीरता से विचार करेगी, क्योंकि चुनाव परिणामों से विभिन्न राज्यों के मुद्दे स्पष्ट हो गए हैं। लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) लगातार तीसरी बार सत्ता में आया। लेकिन, भाजपा को सीटें उम्मीद से कम मिलीं।

बालगोपाल ने इस बात पर जोर दिया कि राजस्व प्रबंधन और सृजन के मामले में केरल की गतिविधियां सर्वश्रेष्ठ हैं और राज्य में सामाजिक सुरक्षा उपायों की संख्या बहुत अच्छी है तथा पंचायती राज प्रणाली भी बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि 2020-21 और 2023-24 के बीच की अवधि के दौरान, राज्य का कर राजस्व लगभग 47,660 करोड़ रुपये से बढ़कर 74,258 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसका गैर-कर राजस्व 7,327 करोड़ रुपये से बढ़कर 16,318 करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि के दौरान राज्य का राजस्व घाटा 20,063 करोड़ रुपये से घटकर 17,348 करोड़ रुपये हो गया।

बालगोपाल ने कहा, केरल के लोग और सरकार उनके कार्यों के कारण नहीं, बल्कि राज्यों के बीच आय के बंटवारे संबंधी वित्त आयोग की नीति के कारण प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केन्द्र सरकार राज्य के लिए कुछ सकारात्मक कदम उठाएगी।



# पलानीस्वामी ने अन्नाद्रमुक पदाधिकारी की हत्या की घटना को लेकर मुख्यमंत्री स्टालिन की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव ए. के. पलानीस्वामी ने पार्टी पदाधिकारी की हत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए रविवार को राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की आलोचना की।

नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी ने कहा कि यह विडंबना है कि मुख्यमंत्री स्टालिन उत्कृष्ट कानून व्यवस्था बनाए रखने का दावा कर रहे हैं, जबकि चाहे दिन हो या रात लोग हमेशा ''डर'' में रहते हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, मैं अक्सर कहता रहा हूं कि द्रमुक के शासन में तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सच तो यह है कि आम जनता, पुलिसकर्मी और राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी सुरक्षित नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ कि कडलूर जिले के वंडीपलायम क्षेत्र में उनकी पार्टी के पदाधिकारी (जिला प्रतिनिधि और पूर्व पार्षद) पुष्पनाथन की छह लोगों ने हत्या कर दी। शनिवार को तिरुचिरापल्ली में एक संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस कांस्टेबल पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गये।

# उपचुनाव में तमिलनाडु के बाहर से किसी अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाए : पीएमके



**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने निर्वाचन आयोग से रविवार को आग्रह किया कि राज्य के विक्रवंडी विधानसभा क्षेत्र में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए तमिलनाडु के बाहर से किसी आईएएस अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया जाए। पीएमके प्रमुख अंबुमणि रामदास ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर नियमों के घोर उल्लंघन और सत्तारूढ़ पार्टी के एक पदाधिकारी द्वारा पीएमके तथा 'आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (अन्नाद्रमुक) के पदाधिकारियों पर हमला किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने निर्वाचन आयोग से अपील की कि वर्तमान निर्वाचन अधिकारी एम. चंद्रशेखर (राज्य सरकार के अधिकारी) के स्थान पर किसी अन्य राज्य के आईएएस अधिकारी को नियुक्त किया जाए, ताकि कम से कम कुछ हद तक'' निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके।

अंबुमणि ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा पांच पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए और नियमों के उल्लंघन को लेकर द्रमुक से जुड़े लोगों के खिलाफ सभी शिकायतों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। पीएमके अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 'हजारों' द्रमुक कार्यकर्ता विक्रवंडी में डेरा डाले हुए हैं जिनमें मंत्री और 80 से अधिक विधायक शामिल हैं जो 'हजारों कारों' का उपयोग करके निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं और यह नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसी कारों को जब्त किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा करने के बजाय विल्लुपुरम जिला पुलिस और अधिकारी उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

राज्यसभा सदस्य अंबुमणि ने आरोप लगाया कि अन्नाद्रमुक के एक पदाधिकारी और पीएमके के एक स्थानीय नेता पर द्रमुक के एक पदाधिकारी ने बेरहमी से हमला किया और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। द्रमुक उम्मीदवार ए. शिवा उर्फ ए शिवशनमुगम, पीएमके उम्मीदवार सी अंबुमणि और नाम तमिलर काची के के. अबिनया 29 उम्मीदवारों में से मुख्य दावेदार हैं।

मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और हालिया लोकसभा चुनाव में उसकी सहयोगी रही डीएमडीके ने उपचुनाव का बहिष्कार किया है। पीएमके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की घटक है।

# चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने पिछले दो महीने से श्रीलंका से 167 करोड़ रुपये मूल्य के 267 किलोग्राम सोने की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। खुफिया सूचना के आधार पर, कथित तौर पर अपराध में शामिल एक दुकान मालिक और उसमें काम करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जारी एक विज्ञप्ति में, इसके प्रधान आयुक्त आर.एस. नाइक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर स्थित एयरहब शॉप' के एक विक्रेता को संदिग्ध गतिविधियों के चलते पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों ने तलाशी के दौरान उसके पास से सोने के तीन बंडल बरामद किए। उसने यह प्रतिबंधित सामान श्रीलंका के एक यात्री से प्राप्त किया था। विज्ञप्ति के अनुसार, इन लोगों ने दो महीने में 167 करोड़ रुपये मूल्य के 267 किलोग्राम सोने की तस्करी की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोना सौंपने वाले श्रीलंकाई नागरिक, एयरहब शॉप के मालिक और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# माध्यमिक परीक्षा पास करने वाले कई छात्र ठीक से पढ़ना-लिखना तक नहीं जानते : केरल के मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अलप्पुझा।** केरल के मत्स्य पालन मंत्री साजी चेरियन ने राज्य की शिक्षा प्रणाली पर आलोचनात्मक टिप्पणी करते हुए कहा है कि 'सेकेंडरी स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन' (एसएसएलसी) परीक्षा पास करने वाले कई छात्र ठीक से पढ़ना-लिखना तक नहीं जानते। मंत्री ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है जब राज्य सरकार अपनी शिक्षा प्रणाली के मानकों का गुणगान कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 210 प्राप्त करना कठिन था, लेकिन अब हर कोई परीक्षा पास कर रहा है।

उन्होंने शनिवार को अल्प्पुझा में एक कार्यक्रम में कहा, लेकिन इन छात्रों का एक बड़ा हिस्सा ठीक से पढ़ना-लिखना नहीं जानता। मंत्री ने कहा कि यदि कोई परीक्षा में असफल होता है तो इसे राज्य सरकार की विफलता के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। चेरियन ने कहा कि मौजूदा सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि माध्यमिक परीक्षा के मूल्यांकन में उदारता बरतने का चलन सही नहीं है, और वह इसमें बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं।

पिछले महीने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के परिणाम घोषित किए गए थे। इसमें दसवीं कक्षा की परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.69 था। अधिकारियों ने बताया कि इसबार कुल 4,25,563 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए और उत्तीर्णता प्रतिशत 99.69 रहा।

# 'गूगल मैप्स' के भरोसे उफनती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

**कासरगोड।** केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में 'गूगल मैप्स' का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ से फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए। रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं।

जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी स्थिति (लोकेशन) से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के एक अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए 'गूगल मैप्स' का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे।

युवकों में से एक अब्दुल रशीद ने बताया कि 'गूगल मैप्स' से उन्हें आगे एक संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे अपनी कार लेकर गए। गूगल मैप्स एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। पारंपरिक सड़क मानचित्रों के अलावा, गूगल मैप्स' कई स्थानों के हवाई और उपग्रह दृश्य प्रदान करता है। उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और बीच में एक पुल था। कार अचानक पानी की धारा में बहने लगी और बाद में नदी के किनारे एक पेड़ में फंस गई।

# 'मन की बात' में मोदी के उल्लेख के बाद कुरियन ने लोगों से कार्थुम्बी छाते खरीदने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोट्टायम।** केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने रविवार को लोगों से राज्य के अट्टापडी की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले कार्थुम्बी छाते खरीदने का आग्रह किया।

कुरियन ने यह आग्रह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' रेडियो संबोधन में इसका उल्लेख किए जाने के तुरंत बाद कही। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केरल की आदिवासी बहनों द्वारा बनाए गए ये रंग-बिरंगे छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है।



कुरियन ने यहां अपने गृह गांव कनक्करी में एक स्थानीय निवासी के घर पर 'मन की बात' सुनने के बाद कहा कि मोदी द्वारा कार्थुम्बी छाते का उल्लेख किया जाना दक्षिणी राज्य के प्रति उनकी विशेष रुचि को दर्शाता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कार्थुम्बी छाते अट्टापडी की हमारी आदिवासी बहनों द्वारा बनाए जाते हैं। मुझे लगता है कि सभी लोगों को हमारी आदिवासी बहनों की मदद के लिए एक छाता खरीदना चाहिए। 'मन की बात' सुनने के दौरान मत्स्य पालन राज्य मंत्री कुरियन के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी थे।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि इन छातों को 'वट्टालक्की सहकारी कृषि सोसाइटी' की देखरेख में बनाया जाता है। उन्होंने कहा, इस सोसाइटी का नेतृत्व हमारी नारी शक्ति के पास है।

उन्होंने कहा, ''महिलाओं के नेतृत्व में अट्टापडी के आदिवासी समुदाय ने उद्यमशीलता की अद्भुत मिसाल पेश की है। इस सोसाइटी ने एक बैंबू-हैंडीक्राफ्ट' यूनिट की भी स्थापना की है। अब ये लोग एक खुदरा दुकान और एक पारंपरिक कैफे खोलने की तैयारी में भी हैं।''

मोदी ने कहा कि इनका मकसद सिर्फ अपने छाते और अन्य उत्पाद बेचना ही नहीं, बल्कि ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज कार्थुम्बी छाते केरल के एक छोटे से गाँव से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक का सफर पूरा कर रहे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' होने का इससे बेहतरीन उदाहरण और क्या होगा?

# कर्नाटक की समष्टि गुब्बी के लिए गर्व का क्षण, प्रधानमंत्री ने की तारीफ



**बेंगलूरु।** संस्कृत भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए तीन साल से अधिक समय से कड़ी मेहनत कर रहीं बेंगलूरु की समष्टि गुब्बी की ये कोशिशें रविवार को रंग लायीं, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी तारीफ की। प्रधानमंत्री ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाने के गुब्बी के प्रयासों का उल्लेख किया।

संस्कृत के बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा कि इस भाषा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरु में कई लोग कर रहे हैं।

मोदी ने कहा, बेंगलूरु में एक पार्क है - कब्बन पार्क। इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नयी परंपरा की शुरूआत की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार को बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, यहां वाद-विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, इस पहल का नाम 'संस्कृत वीकेंड' है। समष्टि गुब्बी जी ने एक वेबसाइट के जरिए इसकी शुरूआत की। कुछ दिन पहले ही शुरू किया गया यह प्रयास बेंगलूरुवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जब देशवासियों से इस प्राचीन भाषा को बढ़ावा देने के लिए गुब्बी से सीखने का आग्रह किया तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। गुब्बी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जब प्रधानमंत्री ने मेरे प्रयासों की सराहना की तो यह मेरे लिए खुशी का क्षण था। मैं पिछले कई वर्षों से संस्कृत को लोकप्रिय बनाने के लिए काम कर रही हूं। संस्कृत में स्नातकोत्तर (एमए) की डिग्री हासिल करने वाली गुब्बी लोगों को यह भाषा सिखा रही हैं। गुब्बी ने बताया कि उन्होंने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए 2021 में स्थायी 'डॉट इन' नामक एक पोर्टल शुरू किया था। उन्होंने कहा, हम संस्कृत भाषी लोगों के लिए मोटरसाइकिल यात्रा का आयोजन करते हैं। हमारा एक संस्कृत बैंड भी है जहां हम बॉलीवुड और कन्नड़ फिल्म के गीतों को संस्कृत में अनुवाद करते हैं और उन्हें बजाते हैं। कब्बन पार्क में उनके संस्कृत वीकेंड' में 800 से 900 लोग शामिल हो चुके हैं।





# केन्द्रीय राज्य मंत्री सोमन्ना ने यशवंतपुर और बेंगलूरु केंट स्टेशनों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रविवार को रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने यशवंतपुर और बेंगलूरु कैंटोनमेंट रेलवे स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उनके साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, बेंगलूरु मध्य से सांसद पीसी मोहन, शिवाजीनगर विधायक रिजवान अरशद आदि उपस्थित थे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं में बदलना, यात्री अनुभव को बेहतर बनाना, बुनियादी सुविधाओं का आधुनिकीकरण करना तथा बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए क्षमता में वृद्धि करना है। यशवंतपुर और बेंगलूरु कैंटोनमेंट स्टेशन कर्नाटक के रेलवे नेटवर्क में महत्वपूर्ण केंद्र हैं, जो भारतीय रेलवे के महत्वाकांक्षी स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत परिवर्तनकारी बदलावों से गुजर रहे हैं। वे यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ और सेवाएँ प्रदान करने के सपने को पूरा कर रहे हैं।

पुनर्विकास योजना में यशवंतपुर स्टेशन के लिए 367 करोड़ रुपये और बेंगलूरु कैंटोनमेंट स्टेशन के लिए 486 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है, जिससे रेलवे स्टेशन के बुनियादी ढांचे में नए मानक स्थापित होंगे, यात्री आराम, सुविधा, सुरक्षा में वृद्धि होगी और यात्रियों के लिए आरामदायक प्रतीक्षा क्षेत्र, बहु-स्तरीय पार्किंग क्षेत्र, बच्चों के लिए खेल का मैदान और स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए एक मंच उपलब्ध होगा, क्योंकि दोनों स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधा में उन्नत किया जा रहा है, जो स्टेशन के दोनों किनारों को समर्पित प्रवेश द्वारों और विशाल छत प्लाजा से जोड़ेगा। राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने अधिकारियों को स्टेशन परिसर में अधिक हरियाली शामिल करने, यात्री विश्राम क्षेत्रों के लिए सुविधाओं का विस्तार करने और यशवंतपुर में समय पर काम पूरा करने के लिए निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बेंगलूरु छावनी में, उन्होंने स्टेशन भवन की विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। सांसद पीसी मोहन ने पार्किंग सुविधा में सुधार का अनुरोध किया, जबकि रिजवान अरशद ने प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन को स्टेशन प्रवेश द्वार से जोड़ने का आग्रह किया।


## सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नई-600038

निम्नलिखितई-निविदाएं IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित हैं। फर्मो से निवेदन है कि www.ireps.gov.in में लॉग इन कर इन निविदाओ के लिए कोट करें। इन निविदाओं के लिए मैनुअल कोटेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| खुली निविदा संख्या | मदों का संक्षिप्त विवरण | निविदा का मूल्य(रु) | निविदा की तारीख | |
|---|---|---|---|---|
| | | | निविदा बंद होने की तारीख | निविदा खुलने की तारीख |
| 2024499211473 | फर्निशिंग डिवीजनकी शॉप में स्टोर वार्ड में निर्दिष्ट स्थान/कोच तक कोच मदों की आवाजाहीके लिए ड्राइवर और फ्यूल के साथ-साथ संबद्ध कर्मचारियों सहित 3 टन और 5 टन फोर्कलिफ्ट ट्रकों को किराए पर लेने के लिए सेवा अनुबंध | Rs. 4,96,50,220.44 | 22.07.2024 को14.45 बजे | 22.07.2024 को15.00 बजे |

उपरोक्त विज्ञापन का हिंदी संस्करण https://icf.indianrailways.gov.in/. पर उपलब्ध है।
मुख्य संरक्षा अधिकारी / फर



# भजनलाल ने किया सम्मान निधि योजना का शुभारंभ, किसानों के खातों में 1000 रुपये ट्रांसफर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। योजना में पहली किस्त 1000 रुपए की है। प्रदेश के 65 लाख किसानों के खातों में 1000-1000 रुपए ट्रांसफर किए है। टोंक के कृषि उपज मण्डी प्रांगण में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा उनके बैंक खातों में हस्तान्तरण की गई।

भजनलाल ने कहा कि 80 हज़ार से अधिक किसानों को 350 करोड़ रूपये जारी किए। डबल इंजन की हमारी सरकार ने आपने वादे पूरे किए है। किसान हित और समृद्धि के लिए काम किया है। यह हमारी सरकार किसानों युवाओं महिलाओं और गरीबों के लिए कृत संकल्प है। हमने नौजवान भाइयों से वादा किया था 22 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का काम किया. भर्तियां भी बढ़ाई जाएंगी, युवाओं से वादा किया उसे पूरा करेंगे. पिछली सरकार का हाल क्या था जो भी भर्ती निकलती थी पेपर लीक हो जाता था। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये किसानों को प्रतिवर्ष 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 65 लाख से अधिक पात्र लाभार्थी किसानों को इसका फायदा मिलेगा। दक ने बताया कि किसानों को प्रथम किश्त के रूप में एक हजार रूपये तथा दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 500-500 रुपये उनके खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किश्त के साथ हस्तान्तरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश का किसान अब सम्मान के साथ कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरी कर पायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में 100 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। युवाओं के साथ कुठाराघात करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। भजनलाल शर्मा ने आगे कहा कि हमने कहा था सबसे पहले पानी की व्यवस्था करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले एठउझ योजना का समझौता कराने का काम करवाया। हमने आपसे वादा किया था किसान सम्मान निधि देंगे, हमने वादा पूरा किया है। किसान जब किसान के घर जाता है तो फसल का पूछता है। हमने एक और योजना चालू की है। आने वाले समय में किसान के लिए अच्छी योजनाएं आने वाली है। हमारे किसान को हम ऋण देने का भी काम करेंगे। हमारी सरकार ने 50 हजार किसानों को सोलर पंप देने का किया है।

## बाड़मेर में युवक के अपहरण व हत्या के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तारः पुलिस

जयपुर। बाड़मेर में एक युवक के अपहरण व हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर युवक का शव कुएं से बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात करीब एक बजे एक अज्ञात वाहन से एक युवक का अपहरण किए जाना दिखाई देने पर अभय कमान केन्द्र ने इसकी सूचना सदर थाने एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी।

उन्होंने बताया कि चौहटन थाने की टीम ने नाकाबंदी करके तीन आरोपियों पुरखाराम जाट, प्रकाश व हरलाल जाट को पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार इन लोगों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उनके साथ गोगाराम, सीताराम एवं भैराराम भी थे। सिंह ने बताया कि आरोपियों ने कहा कि उन्होंने गणपत सिंह को अगवा कर उसकी हत्या कर दी और लाश को कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाल कर उसे पोस्टमार्टम के लिए बाड़मेर के राजकीय चिकित्सालय भेजा है। पुलिस ने आरोपी गोगाराम व भैराराम को भी पकड़ लिया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी जेताराम की तलाश जारी है।



# केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार जोधपुर पहुंचे शेखावत, स्वागत कर समर्थकों ने लगाए जयकारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार जोधपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का जोरदार स्वागत किया गया। शेखावत ने किसी को निराश नहीं किया और सभी से मिलते हुए आगे बढ़ते रहे। स्टेशन से बाहर निकलने में ही उन्हें काफी समय लग गया। जोधपुर सांसद शेखावत केन्द्र में संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय पद संभालने के बाद पहली बार जोधपुर आए है। इससे पूर्व शेखावत एक बार राज्यमंत्री व केंद्र में जल शक्ति मंत्री के पद पर थे। शेखावत के स्वागत को यादगार बनाने के लिए भाजपा संगठन ने जोरदार तैयारी कर रखी थी। यहीं कारण रहा कि शेखावत की रेल के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से काफी पहले वहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंच गए। शेखावत के रेल से बाहर निकलते ही सभी उनकी तरफ उमड़ पड़े और उन्होंने जोरदार जयघोष से रेलवे स्टेशन को गुंजायमान कर दिया। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से व्यवस्था को बनाए रखा। सभी में शेखावत को माला पहनाने की होड़ मच गई। तेज उमस में भारी भीड़ से घिरे शेखावत कतई परेशान नजर नहीं आए। हमेशा की तरह मुस्कराते हुए उन्होंने सभी के अभिवादन का जवाब दिया।

रेलवे स्टेशन से एक खुले वाहन में शेखावत एक रोड शो के रूप में सर्किट हाउस स्थित अजीत कॉलोनी निवास स्थान पहुँचे। उनके साथ पोखरण के भाजपा विधायक महंत प्रताप पुरी, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, सुरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, रामेश्वर दाधीच सहित कई नेता साथ थे। निवास सघन पर आराम से बैठ शेखावत का सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ। अभी भी बड़ी संख्या में लोग शेखावत से मिलने पहुंचे। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद शेखावत अपने निवास के लिए रवाना हो गए।

2014 में गजेंद्र सिंह शेखावत पहली बार जोधपुर से सांसद चुने गए थे इसके बाद उन्हें केंद्र में कृषि राज्य मंत्री बनाया गया था। 2019 में दूसरी बार सांसद बनने पर उन्हें प्रमोशन देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में जगह दी और जल शक्ति मंत्रालय जैसा बड़ा महकमा दिया। 2024 में जीत की हैट्रिक बनाई। इस बार भी उनको कैबिनेट मंत्री बनाया और पर्यटन और संस्कृति मंत्री विभाग का जिम्मा दिया गया है।

## मन की बात



जयपुर में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी प्रदेश कार्यालय में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 111वें संस्करण के प्रसारण को वर्चुअली देखा।



# प्रदेशवासियों के सेहतमंद होने से ही साकार होगा 'स्वस्थ राजस्थान' का संकल्प : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता बताते हुए कहा है कि इसके लिए आवश्यक है कि राज्य का प्रत्येक नागरिक सेहतमंद हो और तभी 'स्वस्थ राजस्थान' का संकल्प साकार होगा। शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया और यह बात कही। उन्होंने पोलियो दिवस के अवसर पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' की शुरूआत की। उन्होंने 'स्टॉप डायरिया अभियान-2024' एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा आईडी बनाओ' अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शर्मा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तीनों अभियानों के पोस्टर्स का विमोचन कर लाभार्थियों को आभा आईडी कार्ड प्रदान किए तथा बच्चों को ओआरएस के पैकेट एवं जिंक की गोलियां बांटी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के 50 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के लगभग 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

इसके लिए 61 हजार 500 से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 77 हजार 500 से अधिक टीमें पल्स पोलियो की खुराक पिलायेगी। अभियान के दौरान रविवार के अलावा अगले दो दिन घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में निचले स्तर तक ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे हर बच्चे के जन्म के साथ ही उसका एक यूनिक हैल्थ आईडी नम्बर जनरेट हो जाए और भविष्य में उसके स्वास्थ्य से संबंधित हर जानकारी उस आईडी के तहत दर्ज की जाए। शर्मा ने कहा कि मरीज के स्वास्थ्य का पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध होने से चिकित्सकों को उनका इलाज करने में बहुत सहूलियत होगी।

विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में दस्त संबंधी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पांच साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां उपलब्ध करायेगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त समस्त चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर संचालित किए जाएंगे जहां आमजन को दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हैल्थ अकाउंट यानी आभा आईडी बनाई जा रही है। इस 14 अंकों की आईडी की सहायता से आमजन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से अपने पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड साझा कर सकेंगे। इससे उनके बेहतर उपचार में मदद मिलेगी। चिकित्सा विभाग की ओर से यह अभियान दो माह तक चलाया जाएगा।

# सनातन धर्म व भारत एक दूसरे के पूरक हैं : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अलवर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संपूर्ण विश्व का मानना है कि सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक है। योगी आदित्यनाथ रविवार राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम क्षेत्र के लाडपुर में आयोजित बाबा सोमनाथ मंदिर परिसर में बाबा करतारपुरी महाराज और बाबा अभयनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अपने आप को भारत के साथ जोड़कर चलता है अगर सनातन धर्म मजबूत होगा तो भारत मजबूत होगा और इस विश्वास के साथ लगातार पूज्य संतों की साधना और उनका स्मरण उनकी पूजा इसी अभियान का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि खेतानाथ महाराज ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए समर्पित किया था और उन्हीं के शिष्य महंत सोमनाथ महाराज का भी पूरा जीवन इसी कल्याण के लिए समर्थन था। योगी ने कहा कि हमारा जो कुछ भी है वह हमारे देश के लिए और सनातन धर्म के लिए समर्पित होना चाहिए। हमारा व्यक्तिगत अस्तित्व कुछ भी नहीं है। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने भी यही कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि अगर हम जातियों में बंटे तो हमारे दुश्मन उसका लाभ उठाएंगे हमें एकता का संदेश देना है। आज की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए आदित्यनाथ ने कहा की नेता लोग हमेशा बांटने का प्रयास करते हैं जो हमारे देश की अखंडता और एकता के लिए घातक है। बांटने वाली राजनीति को हम त्यागने का काम करेंगे।

# संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिए तैयार की जा रही है डीपीआर

जयपुर। बहुचर्चित एवं महत्वपूर्ण पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) अब संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को धरातल पर लाने के लिए तेज गति से काम किया जा रहा है और इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के प्रयास इस परियोजना को साकार करने की दिशा में भगीरथ भूमिका निभा रहे हैं और इस ऐतिहासिक कार्य को पूरा करने के लिए डबल इंजन की सरकार के कारण केन्द्र सरकार का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

इस परियोजना की डीपीआर राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के निर्देशन में बनाई जा रही है और राजस्थान क्षेत्र की डीपीआर केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम वैप्कोस द्वारा ईआरसीपी निगम के सहयोग से तैयार की जा रही है। डीपीआर के लिए ईआरसीपी निगम द्वारा संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना में सम्मिलित किये जाने वाले सभी घटकों की डीपीआर वैप्कोस को उपलब्ध कराई गई हैं। इस परियोजना के लिए मध्यप्रदेश की तरफ से भी इसी तरह काम किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार परियोजना से राजस्थान के 21 जिलों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा स्रोतों का चिह्नीकरण किया जा चुका है। विभिन्न घटकों के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि की आवाप्ति के लिए भूमि अवाप्ति अधिकारी की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी हैं।



# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणादायी मार्गदर्शन मिलता है : राज्यवर्धन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार (30 जून 2024) को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 111वें एपिसोड के सजीव प्रसारण को झोटवाड़ा की जनता और कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड नं 46, प्रताप सर्किल, शरद मैरिज गार्डन हॉल, जयपुर में सुना।


कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि यह कार्यक्रम सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है। मन की बात, कोटि-कोटि भारतीयों के मन की बात है, उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है।

मन की बात देशवासियों की अच्छाइयों का, सकारात्मकता का, एक अनोखा पर्व बन गया है। एक ऐसा पर्व जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है। मन की बात जिस विषय से जुड़ा, वो, जन-आंदोलन बन गया।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात सबके लिए प्रेरणादायी है। इससे रचनात्मक और सकारात्मक मार्गदर्शन प्राप्त होता है। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी मार्गदर्शन जनकल्याण के पथ पर चलने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है।

# गांरटी अवधि में सड़क खराब होने पर ठेकेदार से तत्काल ठीक करवाएं : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को शासन सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डिफेक्ट लाईबलिटी पीरियड में यदि निर्माण कार्य में कोई गुणवत्ता सम्बंधित शिकायत मिलती है तो सम्बंधित ठेकेदार से उसको तत्काल ठीक करवाया जाए। उन्होंनें कहा कि कई बार ऐसी शिकायते मिलती है कि सड़क बनाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर सम्बंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश भी उन्होंने दिए।

उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, एमडीआर, ग्रामीण सड़कों, अन्य सड़कों सहित विभिन्न निर्माणाधीन पूलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नेशनल हाईवे पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित कर एनएचएआई के अधिकारियो के साथ समन्वय कर उनके समाधान के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। यदि कहीं जलभराव एवं सड़क कटने की शिकायत मिलती है या स्थानीय अधिकारियों को ऐसा अंदेशा है तो वहां पहले से ही माकूल व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे फील्ड के अधिकारियों के माध्यम से अपने क्षेत्रों कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं सहित अन्य घोषणाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडूब्लूडी सहित विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिराग पासवान ने नीट पर सरकार का किया बचाव, विपक्ष की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक मामले में ''सभी हितधारकों'' के संपर्क में है और उपयुक्त समय पर छात्रों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लिया जाएगा।

चिराग ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष पर नीट के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की और कहा कि यह उसकी गलत सोच को प्रदर्शित करता है। पासवान ने कहा, ''नीट मामले की जांच संबंधित एजेंसियां कर रही हैं और मामला अदालत में भी विचाराधीन है। सरकार सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। छात्रों के सर्वोत्तम हित में उपयुक्त समय पर उचित निर्णय लिया जाएगा।''

वह शुक्रवार को संसद में हुए हंगामे को लेकर पूछे गये सवालों का जवाब रहे थे, जब विपक्ष के शोरगुल के कारण बार-बार संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी। पासवान ने कहा, ''विपक्ष गलत सोच प्रदर्शित कर रहा है। अगर वह जनता से जुड़े मुद्दों को उठाना चाहता है तो उसे सदन को उपयुक्त



तरीके से चलने देना चाहिए और बहस व चर्चा में भाग लेना चाहिए।''

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद, अपने गृह राज्य बिहार के पहले दौरे पर हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी नीतीश कुमार अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में गठबंधन का ''नेतृत्व'' करेंगे।

बिहार में हाल में अपराध बढ़ने से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के संकेत मिलने संबंधी विपक्ष के आरोप पर हाजीपुर से सांसद पासवान ने कहा, ''स्थिति चिंताजनक हो सकती है लेकिन राज्य में सरकार इससे निपटने के लिए सक्षम है।'' पासवान ने एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया, जहां उनकी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन किया गया। पार्टी ने पांच सीटों पर हालिया लोकसभा चुनाव लड़ा था और सभी पर जीत दर्ज की।

## प्रधानमंत्री के पास हर चीज के लिए समय है, लेकिन मणिपुर दौरे के लिए समय नहीं मिल रहा : रमेश



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करने के लिए ''अभी तक समय नहीं निकालने'' का आरोप लगाया। साथ ही पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने पिछले साल मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे को लेकर हुए ''नाटक'' की याद दिलाई।

रमेश ने पोस्ट में मुख्यमंत्री सिंह के फटे हुए त्यागपत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा, ''ठीक एक साल पहले, इंफाल में इस्तीफे का एक बड़ा नाटक हुआ था।'' उन्होंने कहा, ''मणिपुर की पीड़ा और व्यथा जारी है। 'नॉन बायोलॉजिकल' प्रधानमंत्री के पास संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने या वहां के निर्वाचित प्रतिनिधियों से आमने-सामने बात करने के अलावा हर चीज के लिए समय है।'' पिछले साल मई में मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में कुकी आदिवासियों द्वारा पहाड़ी जिलों में निकाले गए एकजुटता मार्च के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी। राज्य में जारी हिंसक घटनाओं के बीच पिछले साल जून में सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का प्रयास किया था, लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था।



## झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का गर्डर गिरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गिरिडीह/भाषा।** झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। रविवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का 'सिंगल-स्पैन' गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है।'' हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया।

सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले के दूरदराज के गांवों को जोड़ेगा। एक अन्य अभियंता ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले गर्डर को तैयार किया गया था और इसमें मजबूती आने के लिए कम से कम 28 दिन का समय लगता है।



## हेमंत सोरेन ने 'सामंती ताकतों' को खदेड़ने के लिए 'विद्रोह' की घोषणा की

**भोगनाडीह (साहिबगंज)/भाषा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सामंती ताकतों के खिलाफ विद्रोह की रविवार को घोषणा की और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पूरे देश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर देगा।

सोरेन ने यहां 'हूल दिवस' के मौके पर एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि जेल से उनकी रिहाई के बाद भाजपा ''घबरा गयी'' है और उसके नेता फिर से उनके खिलाफ ''साजिश'' रच रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अपनी रिहाई के बाद मैं पहली बार 'हूल दिवस' पर आपको संबोधित करने के लिए अपने घर से बाहर निकला हूं। यह हम सभी के लिए प्रेरणा का दिन है। अंग्रेजों के खिलाफ संथाल विद्रोह की तरह हम झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश से सामंती ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए 'हूल विद्रोह' का ऐलान करते हैं।''

सोरेन ने कहा, ''मुझे झूठे मामलों में फंसाया गया... केंद्र सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने के लिए अपनी जांच एजेंसियों को लगा देती है। मुझे जेल से बाहर आए अभी दो दिन ही हुए हैं, लेकिन भाजपा घबराई हुई है। पार्टी के शीर्ष नेता झारखंड में बार-बार आ रहे हैं और मेरे खिलाफ फिर से साजिश रच रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि झारखंड को क्रांतिकारियों की भूमि के रूप में जाना जाता है और हम जेल, लाठी या फांसी से नहीं डरते। सोरेन ने कहा, ''मेरी जानकारी में आया है कि वे (भाजपा) झारखंड में विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे जिस दिन चाहें चुनाव कराएं... हम इसके लिए तैयार हैं। उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ेगा।'' उन्होंने दावा किया कि जब उन्होंने कोयला संसाधनों के बदले केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये समेत आदिवासियों के अधिकारों की मांग शुरू की तो उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया गया। उन्होंने कहा, ''लेकिन, मैंने जो काम शुरू किया है और जो लड़ाई मैंने छेड़ी है, वह नहीं रुकेगी।''

## तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए कौशल को निखारने पर सिंधू का फोकस



**नई दिल्ली/भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर ' होने की जरूरत है। रियो और तोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है।

सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, ''यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''तीसरे ओलंपिक में जाने से पहले मुझे और अधिक स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे अनुभव है, पर स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं पदक का रंग बदल सकती हूं और निश्चित रूप से देश के लिए एक और पदक जीत सकती हूं। '' वह अभी जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सर्क्यूल में ट्रेनिंग कर रही हैं। वह 26 जुलाई को ओलंपिक शुरू होने से पहले सीधे पेरिस जायेंगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में जनता के मुद्दों का उल्लेख नहीं किया : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में उन मुद्दों का जिक्र नहीं किया, जिनके बारे में लोग सुनना चाहते थे।

प्रधानमंत्री द्वारा अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद उन पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख खेड़ा ने सवाल किया कि उन्होंने नीट, रेल दुर्घटना या बुनियादी ढांचों के गिरने का उल्लेख क्यों नहीं किया।

खेड़ा ने कहा कि भले ही यह मोदी का तीसरा कार्यकाल है, लेकिन यह उनके अपने बल पर नहीं है। खेड़ा ने कहा, सरकार बैसाखियों पर चल रही



है। हमें लगा कि इस बार वह कुछ समझदारी वाली बात कहेंगे।

खेड़ा ने कहा, उन्होंने (मोदी ने) नीट, रेलवे दुर्घटना या आए दिन होने वाली बुनियादी ढांचों के गिरने की घटनाओं के बारे में कुछ नहीं कहा, जिसके बारे में हम सुन रहे हैं। खेड़ा ने कहा, ''उन्होंने दिल्ली हवाईअड्डे पर हुई गंभीर घटना पर कुछ नहीं कहा, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई।'' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने लोगों से जुड़े किसी मुद्दे पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री ने लोगों के हित से जुड़े किसी मुद्दे पर बात नहीं की। उनका तरीका एजेंडा बदलने का रहा है, क्योंकि हर कोई नीट, घोटालों के बारे में बात कर रहा है, इसलिए ध्यान भटकाने के लिए आप केरल से छाता लाने की बात कर रहे हैं...। उन्होंने कहा, चुनावों के दौरान आप उत्तर को दक्षिण के खिलाफ खड़ा कर रहे थे... क्या आपको लगता है कि लोग भूल जाएंगे? आप प्रचार के दौरान जो कहते हैं वह सच है, अब आप जो कर रहे हैं, वह दुष्प्रचार है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। इन चुनावों में 65 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## उत्तर प्रदेश के देवरिया में मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली, पुजारी समेत दो की मौत, सात घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवरिया (उप्र)/भाषा।** देवरिया जिले में रविवार को बारिश के बीच एक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से पुजारी समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थाना कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि रविवार को अपराह्न करीब एक बजे तेज बारिश के दौरान गोपालपुर गांव में स्थित एक मंदिर में कुछ लोग शरण लिये हुए थे तभी अचानक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरी। उन्होंने बताया कि इसका असर इतना जबरदस्त था कि इसकी जद में आने से मंदिर के पुजारी राधेश्याम गिरि (50) और राजनाथ कुशवाहा (40) नामक एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। शर्मा ने बताया कि हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजन तथा घायलों को नियमानुसार सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने टी20 विश्वकप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम से बात की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें टी20 विश्वकप जीतने पर बधाई दी।

अधिकारियों ने बताया कि मोदी ने भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। प्रधानमंत्री ने फाइनल मुकाबले में विराट कोहली की पारी के लिए उनकी भी प्रशंसा की और साथ ही भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। शर्मा और कोहली, दोनों ने टी20 विश्वकप जीतने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से संन्यास लेने की घोषणा की है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने फाइनल मुकाबले के अंतिम ओवर के लिए हार्दिक पांड्या तथा बाउंड्री पर डेविड मिलर का कैच पकड़ने के लिए सूर्यकुमार यादव की तारीफ की। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने कोच राहुल द्रविड़ का भारतीय क्रिकेट में योगदान के लिए आभार जताया।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में शर्मा, कोहली और द्रविड़ की प्रशंसा की। उन्होंने शर्मा से कहा, ''आप उत्कृष्टता के धनी हैं। आपकी आक्रामक सोच, बल्लेबाजी और कप्तानी ने भारतीय टीम को एक नया आयाम दिया है। आपका टी20 करियर हमेशा याद रखा जाएगा। आज आपसे बात कर खुशी हुई।''

प्रधानमंत्री ने कोहली से कहा, ''फाइनल की पारियों की तरह, आपने भारतीय बल्लेबाजी को शानदार ढंग से आगे बढ़ाया। आप इस खेल के सभी प्रारूपों में चमके हैं। टी20 क्रिकेट को आपकी कमी खलेगी, लेकिन मुझे विश्वास है कि आप खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे।'' द्रविड़ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी असाधारण कोचिंग ने भारतीय क्रिकेट की सफलता को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि द्रविड़ के अटूट समर्पण, रणनीतिक अंतर्दृष्टि और सही प्रतिभा को निखारने के कौशल ने टीम को और बेहतर बनाया है। मोदी ने कहा, ''भारत उनके योगदान और कई पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका आभारी है। हमें उन्हें विश्वकप उठाते हुए देखकर खुशी हुई। उन्हें बधाई देकर खुशी हुई।''



## जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने बहुत कुछ कहा : पंड्या

**ब्रिजटाउन/भाषा।** हार्दिक पंड्या गरिमा से जीने में भरोसा करते हैं और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर उनकी नाकामी के बाद काफी कुछ कहने वाले ऐसे लोगों से भी उन्हें कोई गिला नहीं है जो उन्हें एक प्रतिशत भी नहीं जानते । आईपीएल में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस के कप्तान बने हार्दिक को उनकी अपनी टीम के प्रशंसकों की हूटिंग झेलनी पड़ी । मुंबई प्लेआफ में जगह नहीं बना सका और बतौर कप्तान तथा खिलाड़ी उन पर सवाल उठाये गए ।

विश्व कप में हरफनमौला प्रदर्शन से हालांकि उन्होंने सभी को खामोश कर दिया । उन्होंने खिताब जीतने के बाद कहा ,'' मैं गरिमा में विश्वास करता हूं । जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने इतना कुछ कहा । लोगों ने बोला लेकिन कोई बात नहीं । मेरा हमेशा मानना है कि शब्दों से जवाब नहीं देना चाहिये, हालात जवाब दे देते हैं ।'' उन्होंने कहा ,'' खराब समय हमेशा नहीं रहता । गरिमा बनाये रखना जरूरी है , चाहे आप जीतें या हारें।''

## सूर्यकुमार को जय शाह से मिला 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ब्रिजटाउन/भाषा।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ।

भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

दिलीप ने कहा, ''हम बड़े मुकाबलों में मौके के अनुसार प्रदर्शन करने की बात करते हैं लेकिन आज हमने सिर्फ प्रदर्शन नहीं किया बल्कि जीत हासिल की।'' उन्होंने कहा, ''हमने पूरे टूर्नामेंट में और आज जो जज्बा, जो एकजुटता और जो लचीलापन दिखाया, वह असाधारण से कम नहीं है। '' दिलीप ने कहा, ''हमने 'भेड़ियों के झुंड' की तरह क्षेत्ररक्षण किया। जैसा कि राहुल भाई और



रोहित कहते रहते हैं। हर कोई अपनी भूमिका जानता था लेकिन हमने साथ मिलकर हर मौके का फायदा उठाया और कोई कसर नहीं छोड़ी।'' भारत ने शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहला विश्व कप खिताब जीतने से महरूम कर दिया जिसमें अंतिम ओवर में सूर्यकुमार यादव का कैच निर्णायक रहा।

सूर्यकुमार ने जिस संयम और सही समय पर लिये कैच से बेहतरीन मिसाल पेश की। जब उन्होंने डेविड मिलर का कैच लपका तब दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में महज 16 रन की दरकार थी।

सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, ''दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद। ''

## सूर्यकुमार ने जागरूकता के साथ सही फैसले किये: क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप



**ब्रिजटाउन/ भाषा।** भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने कहा कि सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में मैच को रूख बदलने वाला कैच लपकने के दौरान जागरूकता दिखाते हुए सही फैसला किया। अंतिम ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन की दरकार थी और खतरनाक डेविड मिलर ने हार्दिक पंड्या की फुल टॉस पर वाइड शॉट लगाया लेकिन सूर्यकुमार ने बाउंड्री के करीब गेंद को पकड़ा, और बाउंड्री रस्सी के बाहर जाते हुए इसे छोड़ दिया और फिर वापस आकर शानदार कैच लपक लिया।

दिलीप ने कैच के बारे में बात करते हुए 'पीटीआई वीडियो' से से कहा, ''जब ऐसा होता है तो उस समय फैसला और जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह जानने का आत्मविश्वास होना कि वह गेंद फेंककर वापस आकर कैच लपक सकता है, यह उस समय लिया जाने वाला फैसला जिसमें वह अव्वल रहा।'' दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी।

# गंभीर, तेंदुलकर और अश्विन ने कोहली, रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा, किसी भी लिखित स्क्रिप्ट से बेहतर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राहुल द्रविड़ की जगह भारत के मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को विश्व कप जीतते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पहले से लिखी स्क्रिप्ट से बेहतर था। कोहली और रोहित दोनों ने भारत की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप में अपने







करियर को अलविदा कह दिया।

गंभीर ने कहा, ''उन्होंने विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।'' गंभीर ने उम्मीद जतायी कि दोनों दिग्गज टेस्ट और वनडे में शानदार प्रदर्शन करते रहेंगे। पूर्व बल्लेबाज गंभीर ने कहा, ''लेकिन वे खेल के दो अन्य प्रारूप टेस्ट क्रिकेट और वनडे क्रिकेट में खेलते रहेंगे। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।'' महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कोहली और रोहित दोनों के करियर को करीब से देखा है। उन्होंने मुंबई के साथी खिलाड़ी की प्रतिबद्धता की सराहना की। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''मैंने एक उदीयमान युवा से लेकर विश्व कप विजेता कप्तान बनने तक के आपके सफर को करीब से देखा है। आपकी अटूट प्रतिबद्धता और असाधारण प्रतिभा ने देश को बहुत गौरव दिलाया है। टीम की अगुआई करते हुए टी20 विश्व कप जीतना आपके शानदार करियर का सही समापन है। शाबाश रोहित। '' तेंदुलकर के संन्यास लेने के बाद 11 साल पहले कोहली ने टीम में बल्लेबाजी की कमान संभाली थी। तेंदुलकर ने उम्मीद जतायी कि टेस्ट और वनडे में कोहली के लिए और भी शानदार पल आयेंगे। उन्होंने कहा, ''आप इस खेल के सच्चे चैम्पिन रहे हैं। हो सकता है कि टूर्नमिंट में पहले आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा हो, लेकिन बीती रात आपने साबित कर दिया कि आप क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक क्यों हैं। ''

उन्होंने लिखा, ''छह विश्व कप में खेलना और आखिरी में खिताब जीतना ऐसा अनुभव है जिसे मैं अच्छी तरह से जानता हूं। मुझे उम्मीद है कि आप खेल के लंबे प्रारूपों में भारत के लिए मैच जीतना जारी रखेंगे। ''

## तेरी जीत मेरी जीत, तेरी हार मेरी हार , ऐसा अपना प्यार : जीत में, संन्यास में भी एक साथ रोहित-विराट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते , क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म 'शोले' के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आये और अब दोनों ने टी20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली । जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई ।

दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं । एक आग है तो दूसरा पानी । एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का



शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं । दुख में , खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में द.अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थी। वहीं कोहली भावनायें छिपाते कुछ देर के लिये चुपचाप ड्रेसिंग रूम में चले गए । वह जीत का जश्न मनाना चाहते थे लेकिन अकेले भी रहना चाहते थे। दोनों के बीच साझा क्या है, एक दूसरे के हुनर और उपलब्धियों का सम्मान । रोहित को बखूबी पता था कि कोहली ने संन्यास का फैसला ले लिया है, फाइनल का नतीजा चाहे जो हो। यही वजह है कि मैच के बाद पुरस्कार वितरण में रोहित ने उन्हें वह मौका दिया और अपने संन्यास का ऐलान नहीं किया। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की।

## सुविचार

**नसीब से ज़्यादा क़ीमती दुआ होती है, क्योंकि जब ज़िन्दगी में सब कुछ बदल जाए, तब इंसान के पास दुआ ही बचती है, नसीब बदलने के लिए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कोशिशों से आएगा बदलाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में फिर एक बार ऐसे 'नायकों' का हौसला बढ़ाया है, जो धरातल पर सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिशें कर रहे हैं। मोदी ने उन्हें जो मंच दिया, उससे निश्चित रूप से अन्य लोगों में भी ऐसे बदलाव लाने की ललक पैदा होगी। इस समय दुनिया पर पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे संकट मंडरा रहे हैं। वैज्ञानिक वर्षों से कह रहे हैं कि मनुष्य को बचाना है तो पर्यावरण संरक्षण करना होगा, ज्यादा से ज्यादा ऐसे पौधे लगाने होंगे, जो भविष्य में छायादार/फलदार पेड़ बनें। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जिस तरह प्रकृति और ममत्व से जोड़ा है, वह धरती माता और उसकी संतानों, दोनों के भविष्य को सुरक्षित बनाएगा। इस समय देश के कई इलाकों में मानसून पहुंच चुका है। इसका लाभ प्राप्त करना चाहिए। आज मां के सम्मान अथवा याद में पौधे लगाएंगे, उनकी देखभाल करेंगे तो वे कुछ वर्षों में पेड़ बन जाएंगे। हाल में तापमान ने जो रिकॉर्ड बनाए, वह बहुत तकलीफदेह अनुभव था। अगर भविष्य में ऐसे हालात को टालना चाहते हैं तो 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने केरल के अट्टापडी में बनाए जाने वाले कार्थुम्बी छातों का जिस तरह जिक्र किया, उससे इनकी देश-विदेश से मांग में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। भारत के हर जिले में ऐसी कई चीजें बनती हैं, जिनकी खूबियों की जानकारी बड़े स्तर पर दी जाए तो उससे न केवल बिक्री बढ़ेगी, बल्कि लोगों को भी ज्यादा रोजगार मिलेगा। कई बार गुणवत्तापूर्ण चीजें भी बाजार में इसलिए जगह नहीं बना पातीं, क्योंकि उनके बारे में जानकारी सीमित क्षेत्र तक ही होती है। 'मन की बात' कार्यक्रम ऐसे उद्योगों को ताकत दे सकता है।

प्रधानमंत्री ने अराकू कॉफ़ी को भी नई पहचान दे दी है। देश-दुनिया में कॉफी पीने वाले कई लोगों को इसके बारे में पहली बार जानकारी 'मन की बात' से ही मिली है। वे अब इंटरनेट पर इसके बारे में सर्च कर रहे हैं। 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की मुहिम के तहत पुलवामा के स्नो पीज़ की पहली खेप का लंदन जाना देश के कृषि क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने सत्य कहा कि जम्मू-कश्मीर ने जो कर दिखाया, वह देशभर के लोगों के लिए एक मिसाल है। भारत के कृषि क्षेत्र में बहुत शक्ति व सामर्थ्य है। हमें मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए उन फसलों की खेती पर जोर देना होगा, जिनसे किसानों की आमदनी बढ़ सके। गेहूं, चावल, दालों के अलावा फलों और सब्जियों में नए प्रयोगों की बहुत गुंजाइश है। इजराइल इसका बहुत अच्छा उदाहरण है, जिसने बंजर जमीन की उत्पादकता बढ़ाते हुए वहां अंगूर, संतरा, खजूर आदि की खेती को नए आयाम दिए। इस उपज से अरबों रुपए के उद्योग चल रहे हैं। इजराइल में जगह कम होने के कारण कई घरों-दफ्तरों की दीवारों और छतों तक का इस्तेमाल फल-सब्जियां उगाने के लिए किया जा रहा है। भारत में कृषि भूमि की ऐसी कमी नहीं है। अगर आधुनिक तरीकों से खेती के लिए सही समय पर सही जानकारी मिल जाए और उपज की अच्छे दामों पर बिक्री के लिए बाजार मिल जाए तो युवाओं की रुचि भी इस क्षेत्र में बढ़ेगी। देशभर में इतने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे हैं, अगर उन्हें किसानों से सीधे जोड़ दें तो रोजगार के अनेक अवसरों का सृजन किया जा सकता है। बेंगलूरु के कब्बन पार्क में संस्कृत में बातचीत करने की परंपरा अत्यंत प्रशंसनीय है। ऐसा प्रयोग (विभिन्न विषयों को शामिल करते हुए) देशभर के पार्कों में शुरू किया जाए तो ये क्षेत्र ज्ञान के नए केंद्र बनकर उभर सकते हैं।

## ट्वीटर टॉक




हमारी सरकार ने कोविड में काफी समय तक परीक्षाएं ना हो पाने के बावजूद भी बेहतरीन इंतजाम कर करीब 3 लाख सरकारी नौकरी दी थीं। कल राजस्थान सरकार ने रोजगार महोत्सव मनाकर हमारी सरकार द्वारा नौकरी दिए गए नए सरकारी कर्मचारियों को जॉइनिंग लेटर दिए।

**–अशोक गहलोत**



आज का दिन हमें उन हजारों आदिवासी भाईबहनों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण करवाता है जब उन्होंने अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो के उद्घोष के साथ सिदो और कान्हू के नेतृत्व में ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध महान जनक्रांति का आगाज किया था।

**–ओम बिरला**




मोदी सरकार द्वारा गुलामी की मानसिकता वाले पुराने कानूनों को हटाकर, भारतीयता के भाव को प्रदर्शित करने वाले तीन नए कानून 'भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साध्य अधिनियम' को लागू किया जा रहा है।

**–अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# मां की सीख



मिसाइल मैन कलाम का बचपन अपनी माता की उदारता तथा पिता के अनुशासन को देखते हुए बीता। बालक कलाम की अम्मी गमले में फूलों के पौधे लगाती थी। फूल उग जाते थे तो आसमान की तरफ देखकर अल्लाह की कुदरत और मेहर का शुकराना अदा करती थी। यह देखकर बालक कलाम हैरान हो जाते। एक बार वह पूछ बैठे कि अम्मी एक सवाल है जेहन में। आप ही निराई और गुड़ाई करती हो और मैंने पाठशाला में यह सीखा है कि बीज से ही पौधा बनता है। फिर आप रोजाना सींचती हो तो इसमें फूल खिलते हैं। तब भी आप आसमान की तरफ दुआ में हाथ उठा देती हो। यह मुझे समझ में नहीं आता है। वो इसलिए कलाम कि मुझमें कहीं गुरूर न पैदा हो। मैं इतराने न लगूं। इसलिए मैं उस परवरदिगार का शुकराना अदा करती हूं। कलाम ने अपनी आखिरी सांस तक अम्मी की यह सीख दिल में सहेज कर रखी। इसीलिए वह जीवन में इतने ऊंचे उठे।

## सामयिक

# कानूनों में बदलाव के मायने

**मनोज कुमार अग्रवाल**
फोन : 9219179431



एक जुलाई से तीन नए क्रिमिनल लॉ लागू होने जा रहे हैं। 1860 में बनी इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ले लेगी। भारतीय न्याय संहिता में कई अपराधों में कानून को पहले से ज्यादा सख्त कर दिया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अपराधिक प्रक्रिया संहिता को रिप्लेस करेगी। इसमें अब 533 धाराएं रहेंगी। 160 धाराओं को बदल दिया गया है, 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 धाराओं को निरस्त किया गया है।

भारतीय न्याय संहिता भारतीय दंड संहिता को रिप्लेस करेगी। इसमें पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी। 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है।भारतीय साक्ष्य विधेयक साक्ष्य अधिनियम को रिप्लेस करेगा। इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 1 नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था, कुल 475 जगह गुलामी की इन निशानियों को समाप्त कर नए कानून लेकर आए हैं। कानून में दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल, मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है। पुलिस प्राथमिकी से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है।

छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।रेप, गैंगरेप और चाइल्ड किडनैपिंग से जुड़े अपराधों में सजा सख्त कर दी गई है. कुछ अपराध ऐसे हैं, जिनमें अगर उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है तो फिर दोषी जेल से जिंदा बाहर नहीं आ सकेगा। धारा 65 : भारतीय न्याय संहिता की धारा 65 के तहत, अगर किसी व्यक्ति को 16 साल से कम उम्र की किसी लड़की से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराया जाता है, तो उसे कम से कम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है. सजा को उम्रकैद तक भी बढ़ाया जा सकता है और ऐसे में दोषी को जिंदा रहने तक जेल में रहना होगा। – धारा 66 : अगर दुष्कर्म के दौरान किसी महिला की मौत हो जाती है या फिर वो कोमा जैसी अवस्था में पहुंच जाती है, तो ऐसे मामलों में दोषी को कम से 20 साल की सजा होगी, जिसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकेगा। इस अपराध में भी उम्रकैद की सजा होने पर दोषी जिंदा नहीं बाहर आ सकेगा। धारा 70 : ये धारा गैंगरेप से जुड़ी है. इसी धारा में नाबालिग से दुष्कर्म के अपराध के लिए भी सजा का प्रावधान किया गया है. दोनों ही मामलों में गैंगरेप के सभी दोषियों को कम से कम 20 साल की सजा होगी. इसमें जुर्माने का प्रावधान है, जो पीड़िता को दिया जाएगा। इसके अलावा सजा को उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकेगा, जिसमें दोषी को जिंदा रहने तक जेल में ही रहना होगा। – धारा 71 : अगर किसी व्यक्ति रेप या गैंगरेप से जुड़े किसी मामले में दोषी ठहराया जा चुका हो और फिर से इसी अपराध में दोषी करार दिया जाता है तो उसे जिंदा रहने तक उम्रकैद की सजा काटनी होगी।

– धारा 104 : उम्रकैद की सजा काट रहा दोषी अगर किसी की हत्या करता है तो उसे सजा-ए-मौत या फिर उम्रकैद की सजा सुनाई जा सकती है. इस अपराध में भी उम्रकैद की सजा मिलने पर दोषी जिंदा बाहर नहीं आ सकेगा। – धारा 109: इस धारा के सब-सेक्शन 2 के तहत, अगर हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा कैदी किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है तो उसे सजा-ए-मौत या फिर उम्रकैद की सजा हो सकती है। उम्रकैद की सजा होने पर कैदी को जिंदगीभर जेल में ही रहना होगा।

– धारा 139 : अगर कोई व्यक्ति किसी बच्चे का अपहरण उससे भीख मंगवाने के लिए करता है तो दोषी पाए जाने पर उसे 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। धारा 139(2) के तहत, अगर भीख मांगने के मकसद से बच्चे को अपंग किया जाता है तो फिर दोषी को जीवनभर के लिए उम्रकैद की सजा काटनी होगी। धारा 143: ये धारा मानव तस्करी से जुड़े अपराध के लिए सजा का प्रावधान करती है। अगर कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बार किसी बच्चे की तस्करी में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे जिंदगीभर के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है। धारा 143(7) के तहत अगर कोई सरकारी सेवक या पुलिसकर्मी किसी व्यक्ति की तस्करी में शामिल होने का दोषी पाया जाता है तो उसे भी जीवनभर के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है। आमतौर पर ये माना जाता है कि उम्रकैद की सजा 14 साल या 20 साल की होती है. लेकिन ऐसा नहीं है। 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में साफ कर दिया था कि उम्रकैद की सजा का मतलब आजीवन कारावास से है. यानी, अगर किसी दोषी को उम्रकैद की सजा मिली है तो उसे जिंदा रहने तक जेल में रहना होगा। हालांकि, कोर्ट का काम सिर्फ सजा सुनाना है और उस सजा को एग्जीक्यूट करने का काम राज्य सरकार का है. कानूनन अगर किसी कैदी को उम्रकैद की सजा मिली है तो उसे कम से कम 14 साल की सजा काटनी होगी। उम्रकैद की सजा पाया कोई कैदी 14 साल जेल में काट लेता है तो उसके केस को सेंटेंस रिव्यू कमेटी के पास भेजा जाता है. कैदी के बर्ताव को देखते हुए कमेटी उसकी सजा को कम कर सकती है। यही कारण है कि उम्रकैद की सजा पाया कोई कैदी 14 या 20 साल में छूट जाता है। लेकिन भारतीय न्याय संहिता में जिन अपराधों में जिंदा रहने तक उम्रकैद की सजा काटने का प्रावधान है, उनमें कैदी की सजा को माफ नहीं किया जा सकेगा।

धारा 124: आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान रखती थी। नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है। धारा 144: आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है। धारा 302: पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। हालांकि, अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा।

धारा 307: नए कानून के अस्तित्व में आने से पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है। धारा 376: दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय 5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है। धारा 399: पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी। नए कानून में अध्याय 19 के तहत आपराधिक धमकी, अपमान, मानहानि, आदि में इसे जगह दी गई है। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है। धारा 420: भारतीय न्याय संहिता में धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 17 में संपत्ति की चोरी के विरूद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा गया है।

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं जबकि नौ नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। इसके अलावा 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले वाले कानून में 167 प्रावधान थे। नए कानून में 24 प्रावधान बदले हैं। अभी पुलिस अभियोजन वकीलों और जजों को नए कानून और प्रक्रिया संहिता के बदलाव को समझना जांचना और लागू करना भी कम मुश्किल नहीं है इस के लिए सरकार गोष्ठियों व अन्य माध्यमों से जागरूकता व प्रशिक्षण दे रही है।

## नजरिया

# असुविधाजनक सड़कों की टोल टैक्स वसूली एक ज्यादती

**ललित गर्ग**
मोबाइल : 9811051133



बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं।

किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए।

नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। लेकिन बिना सुविधा के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनूमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है। इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं।


सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले।

राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है। किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लिये परेशानी का सबब है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क निर्माण और रखरखाव के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल रहा है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि एचएचआई ने टोल अनुबंधों को आकार देने और निगरानी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है और टोल सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की है। रिपोर्ट में टोल संग्रह प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी और दोषपूर्ण टोल प्लाजा, ओवरचार्जिंग और लंबी कतारों के कारण सड़क उपयोगकर्ताओं को होने वाली परेशानी और असुविधा पर भी प्रकाश डाला गया है। इन सभी हालातों को देखते हुए भारत में राजमार्गों एवं सुविधा की सड़कों के नाम पर हो रही टोल टैक्स वसूली को औचित्यपूर्ण एवं न्यायसंगत बनाने की अपेक्षा है। सुविधा के नाम असुविधाओं, असुरक्षा एवं धोखाधड़ी की बढ़ती स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# पटना संग्रहालय परिसर में एक साल से अधिक समय तक पड़े ब्रिटिश काल के रोडरोलर को संरक्षित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। पटना संग्रहालय परिसर में लगभग 18 महीने से जंग खा रहे ब्रिटिश काल के 'रोडरोलर' को पथ निर्माण विभाग के प्राधिकारियों ने संरक्षित कर लिया है।

इंग्लैंड के लीड्स में 'जॉन फाउलर एंड कंपनी' द्वारा निर्मित लगभग एक सदी पुराना भाप चालित यह रोडरोलर लगभग दो साल पहले तक पटना जिला बोर्ड के कब्जे में था और अब ध्वस्त हो चुके पटना समाहरणालय के एक कोने में पड़ा था।

इसे 24-25 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि में पटना संग्रहालय में लाया गया था।

पटना समाहरणालय पुनर्विकास परियोजना के तहत 2022 में समाहरणालय की पुरानी इमारतों को ध्वस्त किए जाने के बाद जिला बोर्ड ने इस रोडरोलर को संग्रहालय को दान कर दिया था ताकि इसे ''अनमोल वस्तु'' के रूप में प्रदर्शन के लिए रखा जा सके।

संग्रहालय के प्राधिकारियों ने शुरू में इसके रखरखाव और जीर्णोद्धार में रुचि दिखाई, लेकिन कुछ महीनों बाद ही यह रोडरोलर सरकारी प्राधिकारियों की उदासीनता का शिकार हो गया जबकि यह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय था और लोग इसके साथ सेल्फी लेने को आतुर थे।

संग्रहालय के परिसर में लंबे समय तक खुले आसमान के नीचे पड़े रहने के कारण इस रोडरोलर के आस-पास उगे पौधों ने इसके विशाल पहियों को ढक लिया तथा पिछले साल मानसून की बारिश ने इसके पुराने ढांचे को और भी जर्जर कर दिया जिससे इसकी चिमनी क्षतिग्रस्त हो गई और मशीन से अलग हो गई।

पथ निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा 'को बताया, ''यह दुर्लभ वस्तु है जो सड़क निर्माण के शुरुआती युग की कहानी कहती है। पटना संग्रहालय से इसे विभाग की केंद्रीय यांत्रिक कार्यशाला में लाया गया जहां इसे एक शेड के नीचे एक ऊंचे मंच पर रखा गया है।'' उन्होंने कहा, ''अभियंताओं की एक टीम ने इसके पुनरुद्धार पर काम किया तथा इसकी आवश्यक देखभाल और रखरखाव किया।'' उन्होंने कहा कि रोडरोलर पर लगी जंग की परत को साफ कर दिया गया है तथा उसे काले रंग से रंगा गया है तथा इसकी चिमनी को भी ठीक कर दिया गया है।

कोलकाता स्थित परिवहन विरासत विशेषज्ञ अभिषेक रे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि यह रोडरोलर पटना शहर की शुरुआती सड़कों के निर्माण की कहानी बताता है। उन्होंने कहा, '' यह इतिहास की ऐसी दुर्लभ वस्तु है जिसे संरक्षित और प्रदर्शित करना किसी भी संग्रहालय के लिए गर्व की बात है लेकिन पटना संग्रहालय दान की गई एक वस्तु को भी संरक्षित करने के अपने कर्तव्य में विफल रहा।'' उन्होंने कहा कि हालांकि बिहार सरकार और पथ निर्माण विभाग के वे लोग ''पूरी प्रशंसा के पात्र हैं'' जिन्होंने रोडरोलर को सम्मान दिया।

भारत और ब्रिटेन के विरासत विशेषज्ञों ने रोडरोलर के पटना संग्रहालय में खराब रखरखाव पर पिछले साल अफसोस जताया था और संग्रहालय के अधिकारियों से तत्काल इसके संरक्षण की अपील की थी।

# ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लंदन/भाषा। ब्रिटेन में बृहस्पतिवार को होने वाले आम चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम सप्ताहांत में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पार्टी की तरफ से इस पद के उम्मीदवार लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए मंदिर पहुंचे।

सुनक (44) रविवार को नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे तो वहीं स्टार्मर (61) शुक्रवार को उत्तरी लंदन के किंग्सबरी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे।

दोनों नेताओं द्वारा यह कदम ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक प्रमुख समूह द्वारा ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव से पहले पहली बार जारी किए गए 'हिंदू घोषणापत्र' के बाद उठाया गया है। इस घोषणापत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करने और हिंदूओं के प्रति घृणा से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया है।

सुनक ने प्रतिष्ठित नेसडेन मंदिर में अपने उद्बोधन में कहा, यह मंदिर इस समुदाय द्वारा ब्रिटेन के लिए दिए गए योगदान का एक महान उदाहरण है। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और वहां उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।

इस बीच किंग्सबरी मंदिर में स्टार्मर का स्वागत किया गया। उन्होंने भी यहां सुनक की तरह ही जय स्वामीनारायण बोलकर अपना भाषण शुरू किया।

लेबर पार्टी के नेता ने कहा, ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है।हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी, विनाशकारी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करना है। 2021 की जनगणना के अनुसार ब्रिटेन में रहने वाले लगभग दस लाख लोग खुद को हिंदू मानते हैं। इससे देश में चार जुलाई को होने वाले आम चुनाव में भाग लेने वालों में एक बड़ा हिस्सा हिंदू मतदाताओं का होगा।

# बंदूक नियंत्रण खत्म हो चुका है: दुनिया की सबसे लोकप्रिय 3डी प्रिंटेड आग्नेयास्त्र के निर्माता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लंदन। प्रत्येक वर्ष ईस्टर रविवार को आयरिश रिपब्लिकन अपने शहीदों और 1916 के ईस्टर विद्रोह तथा उसके बाद के वर्षों में जान गंवाने वाले लोगों को याद करते हैं। इस तरह के आयोजनों की एक पद्धति होती है: सड़क पर परेड, भाषण और कब्रिस्तान में पुष्पांजलि अर्पित करना।

हालांकि, 2022 का कार्यक्रम काले कपड़े पहने चार पुरुषों की उपस्थिति के कारण असामान्य था। वे रिपब्लिकन अर्द्धसैनिक के असंतुष्ट समूह ओग्लाइग ना इरेन (ओएनएच) के सदस्य थे।

जनवरी 2018 में संघर्ष विराम की घोषणा के बाद से यह समूह की पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी, लेकिन विशेषज्ञों के लिए भी इसका व्यापक महत्व था क्योंकि इनमें से दो व्यक्ति हथियार लेकर आए थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब उत्तरी आयरलैंड में अर्द्धसैनिक बल के सदस्यों को 3डी-प्रिंटेड बंदूकों-विशेष रूप से, 'एफजीसी' अर्ध-स्वचालित आग्नेयास्त्र के प्वाइंट 22 कैलिबर प्रारूप के साथ देखा गया था।

'एफजीसी' का मतलब ''बंदूक नियंत्रण नहीं'' से है और यह संक्षिप्त नाम इसके डिजाइनर के वैचारिक झुकाव को और 3डी-प्रिंटेड हथियारों के विकास में शामिल कई अन्य लोगों को भी दर्शाता है।

पहला 3डी-प्रिंटेड आग्नेयास्त्र मई 2013 में 'लिबरेटर' के रूप में आया, जो कि टेक्सास विश्वविद्यालय के विधि छात्र एवं स्वतंत्रता समर्थक आग्नेयास्त्र कार्यकर्ता कोडी विल्सन द्वारा निर्मित एक बंदूक थी।

वर्ष 2020 के वसंत तक एफजीसी-9 के उभरने के साथ 3डी-प्रिंटेड बंदूकों का खतरा काफी बढ़ गया था।

'ओपन-सोर्स डिजाइन'- जिसे कई समान विचारधारा वाले चैटरूम में तत्काल साझा किया गया था - के साथ एक सावधानीपूर्वक, चरणबद्ध निर्देशात्मक मार्गदर्शिका थी। बंदूक के निर्माता ने लिखा कि यह सब बंदूक के स्वामित्व पर नियमों और अत्याचारी कानूनों को दूर करने के लिए था। बाद में, उनके समूह ने नौ मिलीमीटर का देसी गोला-बारूद बनाने के लिए एक दिशानिर्देश जारी किया।

तब से, हमने दुनिया भर में आग्नेयास्त्र के उपयोग के सबूत देखे हैं। इस 3डी-प्रिंटेड आग्नेयास्त्र को लेकर ऑनलाइन पर काफी चर्चा देखी जाती है और इसे इसके शौकीन लोगों, संगठित अपराधियों, विद्रोहियों और आतंकवादियों द्वारा व्यापक रूप से अपनाया गया है।

एफजीसी-9 के जारी होने के बाद से 3डी-प्रिंटेड बंदूकों का प्रचलन पूरे विश्व में बढ़ गया है।



# पिता से अस्पताल मिलने पहुंची सोनाक्षी को लेकर उड़ी हवा

मुंबई/एजेन्सी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जीवन की नई पारी शुरू कर चुके हैं। उनकी 23 जून को मुंबई में रजिस्टर्ड मैरिज हुई थी। उसी शाम एक होटल में आयोजित रिसेप्शन में बॉलीवुड के तमाम बड़े सितारे पहुंचे। शादी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं, जो फैंस को अपार खुशियां दे रहे हैं। हालांकि इस बीच शुक्रवार (28 जून) को सोनाक्षी और जहीर मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल के बाहर नजर आए।

शादी के महज 5 दिन बाद कपल को अस्पताल के बाहर देख फैंस तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सोनाक्षी के पिता अभिनेता व राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में सोनाक्षी व जहीर उनका हालचाल जानने के लिए वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि 77 वर्षीय शत्रुघ्न उम्र संबंधी रूटीन चैकअप के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। सोनाक्षी को हॉस्पिटल के बाहर देख फैंस उनकी प्रेग्नेंसी तक के कयास लगाने लगे। एक पैपराजी हैंडल ने न्यूली मैरिड कपल की कार का अस्पताल से निकलते हुए एक वीडियो साझा किया।

पहले ऐसी अफवाहें थी कि शत्रुघ्न इस शादी से खुश नहीं है और वे इसमें शामिल नहीं होंगे लेकिन ये बातें महज अफवाह साबित हुईं। शत्रुघ्न न सिर्फ शादी का हिस्सा थे बल्कि वे काफी खुश भी नजर आए।

शादी के कार्यक्रम के दौरान हुई भागदौड़ की वजह से वे थक गए थे और इसलिए वे रेगुलर चेकअप के लिए अस्पताल गए हुए थे। बता दें कि शत्रुघ्न ने 26 जून को अपने ट्विटर (एक्स) अकाउंट पर शादी की कुछ झलकियां शेयर की थीं। शत्रुघ्न ने कैप्शन में लिखा, कृतज्ञता के भाव के साथ हम इस विशेष दिन को हमारे साथ मनाने के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहते हैं।

# जुबली टॉकीज़ टाइटल से कनेक्ट करेंगे दर्शक : खुशी दुबे

मुंबई/एजेन्सी



जानीमानी अभिनेत्री खुशी दुबे का कहना है कि उनके सीरियल जुबली टॉकीज़ - शोहरत. शिद्दत.मोहब्बत में दर्शक 'जुबली टॉकीज' टाइटल से शो से कनेक्ट करेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के नये शो जुबली टॉकीज़ - शोहरत.शिद्दत.मोहब्बत में खुशी दुबे ने कोल्हापुर के फलटन गांव की रहने वाली शिवांगी सांवत की भूमिका निभायी है। यह शो एक रोमांटिक और भावुक ड्रामा है जो महाराष्ट्र के एक छोटे से शहर की एक साधारण लड़की शिवांगी की यात्रा पर आधारित है, सिनेमा के प्रति उसका गहरा प्यार उसे अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है, जो उनके प्रिय संपत्ति, 'संगम सिनेमा ' को उसके पूर्व गौरव को बहाल करना है।शिवांगी अपनी मां के साथ मिलकर अपनी प्यारी विरासत 'संगम सिनेमा' के खोए हुए गौरव को फिर से हासिल करना चाहती है। वह इसी उद्देश्य के लिये कोल्हापुर से मुंबई से रूख करती है, जहां उनकी मुलाकात सुपरस्टार अयान ग्रोवर से होती है। शिवांगी को लगता है कि अयान ही वह शख्स है जो उन्हें संगम सिनेमा की खोयी हुयी विरासत को पाने में मदद करेंगे। खुशी दुबे ने कहा, जुबली टॉकीज़ - शोहरत.शिद्दत.मोहब्बत में दर्शक जुबली टॉकीज टाइटल से शो से कनेक्ट करेंगे। जैसे गोल्डन जुबली, सिल्वर जुबली। उन्होंने कहा,सिनेमा और सुपरस्टार्स के इर्द-गिर्द टीवी पर बहुत कम शो बने हैं और पूरी कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कैसे एक सुपरस्टार एक साधारण लड़की से प्यार करता है। मैं जुबिलि टॉकीज की कहानी को लेकर वाकई उत्साहित हूं। जब मैंने पहली बार कहानी सुनी तो मैं इससे जुड़ गई थी और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इससे प्रभावित होंगे। संगम सिनेमा को पुनर्जीवित करने के उनके जुनून के साथ, शिवांगी की यात्रा अप्रत्याशित मोड़ और उतार-चढ़ाव से भरी हुई है, जो सभी को अपनी सीटों से बांधे रखेगी। शिवांगी का किरदार मेरे लिए एक नई चुनौती है।शिवांगी का किरदार बेहद सादगी भरा है, सादगी ही शिवांगी की खूबसूरती है। जुबली टॉकीज बहुत फ्रेश लव स्टोरी है।जब मैंने शो की कहानी सुनी तो मंत्रमुग्ध हो गई। मेरा किरदार, शिवांगी, अपने पिता के सपने, संगम सिनेमा के पुनर्निर्माण के लिए समर्पित है। शिवांगी साहसी है, वह उत्साही है। 'जुबली टॉकीज - शोहरत, शिद्दत, मोहब्बत' एक ऐसा ड्रामा है जिसमें आपको रोमांस, प्यार और भावुकता देखने को मिलेगी।

# कैंसर सर्वाइवर महिमा चौधरी ने बढ़ाया हिना खान का हौसला

मुंबई/एजेन्सी





अभिनेत्री हिना खान को 3र्ड स्टेज कैंसर का पता चला है। उन्होंने शुक्रवार 28 जून को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा की। पोस्ट शेयर करने के बाद उनके दोस्त और इंडस्ट्री के कलाकार उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। कई लोगों ने उन्हें लेकर चिंता जाहिर की है। कैंसर को मात देने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी ने भी हिना की पोस्ट पर कमेंट किया।

इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम अभिनेत्री ने लिखा, 'मुझे ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। मेरा इलाज चल रहा है और मैं जल्द ही पूरी तरह ठीक हो जाऊंगी। इस दौरान आपका साथ रहना जरूरी है। मैं आपकी चिंता और प्यार को समझ सकता हूं लेकिन मैं प्रशंसकों से अनुरोध करती हूं कि इस कठिन समय में वे मेरी निजता का सम्मान करें। आप मुझे अपने अनुभवों के बारे में बता सकते हैं, अगर आपकी कोई सलाह हो तो उसे भी शेयर कर सकते हैं।' 'परदेस' फेम एक्ट्रेस महिमा चौधरी को 2022 में ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था। उन्होंने पहले खुलासा किया था कि उनका इलाज खत्म हो गया है। इस पोस्ट पर एक्ट्रेस महिमा चौधरी ने हिना खान को सपोर्ट करते हुए एक मैसेज लिखा है- 'हिना तुम बहुत बहादुर हो। आप कठिन परिस्थितियों से जूझ रही हैं। आप जल्दी ठीक हो जाओगे। लाखों लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और मैं इस यात्रा में हमेशा आपके साथ रहूंगी।' ये कहते हुए महिमा ने हिना का हौसला बढ़ाया है।

एक्ट्रेस द्वारा अपनी सेहत के बारे में जानकारी शेयर करने के बाद फैंस चिंता जाहिर कर रहे हैं। इसके साथ ही कई फैंस ने 'आप एक टाइगर हैं', 'आप जितना सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं', 'चिंता मत करो, आप जल्द ही ठीक हो जाओगे' जैसे कमेंट्स से उनका हौसला बढ़ाया।

उनके इंडस्ट्री फ्रेंड्स सोशल मीडिया पोस्ट पर कमेंट कर उन्हें ध्यान रखने के लिए कह रहे हैं। हिना की पोस्ट पर सायंतनी घोष, लता सभरवाल, हेली शाह, रश्मी देसाई, शार्दुल पंडित, रोहन मेहरा, पायल गौर, आशका गोराडिया, उदय टिकेकर ने कमेंट किया।

# मानसून में फैशन के लिए नायलॉन और पॉलिएस्टर का इस्तेमाल करती हैं विदिशा



मुंबई/एजेन्सी

टीवी के पॉपुलर शो 'भाबीजी घर पर हैं' में गोरी मेम का रोल अदा करने वाली विदिशा श्रीवास्तव ने मानसून फैशन ट्रेंड्स पर बात की। उन्होंने कहा कि वह मानसून में नायलॉन और पॉलिएस्टर जैसी सिंथेटिक मटेरियल पहनना पसंद करती हैं, क्योंकि वे मॉइश्चर-रेजिस्टेंस है और जल्दी सूख जाते हैं। मानसून फैशन का मतलब है स्टाइलिश और कंफर्टेबल रहते हुए मौसम को एन्जॉय करना। विदिशा सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाभी का किरदार निभा रही हैं।

उन्होंने कहा, बारिश के मौसम में, आपको स्टाइल से समझौता करने की जरूरत नहीं है। जब बारिश शुरू होती है, तो मैं नायलॉन और पॉलिएस्टर जैसे सिंथेटिक कपड़े पहनना पसंद करती हूं, जो मॉइश्चर को सोख लेते हैं और जल्दी सूख जाते हैं।'' उन्होंने कहा, मैं बारिश में हैवी कॉटन और वूलन कपड़ों को पहनने से बचती हूं, क्योंकि इन्हें सूखने में ज्यादा समय लगता हैं। मुझे ज्यादा आकर्षक दिखने के लिए ब्राइट और बोल्ड प्रिंट वाले कपड़े पहनना पसंद है। प्लास्टिक जूलरी इस मौसम में फैशनेबल बने रहने के लिए एक बढ़िया ऑप्शन है।''

विदिशा ने कहा, मेरा पसंदीदा लुक एक स्टाइलिश वाटरप्रूफ जैकेट है, जिसे कलरफुल वाटरप्रूफ फुटवियर के साथ पेयर करना, और अपने आउटफिट में स्टाइल जोड़ने के लिए एक ट्रेंडी, कॉम्पेक्ट छाता ले जाना न भूलें। वर्कफ्रंट की बात करें तो, विदिशा ने 2007 में एसपी एंटरटेनमेंट की तेलुगु फिल्म 'मां इद्दारी मध्य' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। उन्होंने 'अला', 'प्रेम', 'अथिली सत्तीबाबू एलकेजी' जैसे अन्य तेलुगु प्रोजेक्ट्स में भी काम किया। वह कन्नड़ फिल्म 'नलि नलियुथा' का हिस्सा रहीं। तमिल फिल्मों में उन्होंने 'कथावरायण' और मलयालम फिल्म 'लकी जोकर्स' में भी काम किया है। छोटे पर्दे की बात करें तो उन्होंने टीवी शो 'ये है मोहब्बतें' से शुरुआत की थी। इसके बाद, वह 'मेरी गुड़िया', 'श्रीमद भागवत महापुराण', 'दुर्गा-माता की छाया' और 'काशीबाई बाजीराव बल्लाल' जैसे टीवी शो में नजर आईं। विदिशा अपनी पर्सनल लाइफ को सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने साल 2018 में सायक पॉल संग बनारस में सात फेरे लिए।

# 'कल्कि 2898 एडी' ने तीन दिनों में वर्ल्डवाइड 415 करोड़ की कमाई की

मुंबई/एजेन्सी



बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में वर्ल्डवाईड 415 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जब से थिएटर्स में रिलीज हुई है, इसका क्रेज लोगों में देखने को मिल रहा है। फिल्म को क्रिटिक्स की ओर से भी पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। 29 जून को एक तरफ पूरा देश टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने में बिजी था, जिसके चलते ये भी माना जा रहा था कि पैन इंडिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई पर अब इसका असर पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद से बिल्कुल उल्टा हुआ और फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीसरे दिन भी शानदार कारोबार किया। कल्कि वर्ल्डवाइड शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसका क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर फिल्म कल्कि 2898 एडी के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की ताजा जानकारी दी गई है, जिसके मुताबिक इस फिल्म ने अब तक 415 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।

## दूसरे पार्ट में बहुत कुछ करना है : कमल हासन

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन का कहना है कि उन्हें कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट में बहुत कुछ करना है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है।कमल हासन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में सुप्रीम यास्किन का किरदार निभाया है। हालांकि, फिल्म में कमल हासन को कम स्क्रीन टाइम मिला है।

कमल हासन ने कहा, 'कल्कि 2898 एडी' में मैंने एक छोटी सी भूमिका निभाई है। जो केवल कुछ मिनटों के लिए दिखाई देती है। फिल्म में मेरा असली हिस्सा अभी शुरू हुआ है। मुझे इसके दूसरे पार्ट में और भी बहुत कुछ करना है। अब क्लाइमैक्स देखकर मुझे समझ आ गया है कि नाग अश्विन क्या दिखाना चाहते थे।फिल्म में काम करके मुझे ऐसा लगा कि हिंदी सिनेमा ग्लोबल एंटरटेनमेंट की ओर बढ़ रहा है। 'कल्कि 2898 एडी' उन्हीं फिल्मों में से एक है। नाग अश्विन ने बिना किसी धार्मिक पक्षपात के पौराणिक कथाओं के मुद्दे को बहुत खूबसूरती से दिखाया है।दुनियाभर में सिर्फ जापान, चीन और ग्रीक सभ्यताएं ही कहानी कहने की भारतीय विरासत के करीब आ सकती है। नाग अश्विन ने वहां से कहानियां चुनीं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीवन अनिश्चितताओं से भरा लंबा यात्रा-पथ है। यहां किसी के जीवन में कुछ भी घटित हो सकता है। हमारे मन का सोचा हुआ सब सार्थक होगा, यह मानकर चलना बहुत बड़ी भूल है। इसीलिए अच्छे अवसरों का लाभ उठाने का भरपूर प्रयत्न करना चाहिये। जीवन की सफलता का यही मूलमंत्र है। अक्सर देखा जाता है कि लक्ष्मीदेवी तिलक करने द्वार पर आयी और मनुष्य मुंह धोने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा, तब तक लक्ष्मी विदा हो चुकी थी। नीति और धर्मशास्त्रों ने इसे निपट मूर्खता कहा है।



# मंत्र, मणि और औषध का प्रयोग पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ करें : मुनि रश्मिकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। यहाँ स्थानीय तेरापंथ भवन में रविवार को प्रातः प्रवचन सत्र के दौरान मुनिश्री रश्मिकुमारजी द्वारा सर्व कार्य सिद्धि अनुष्ठान करवाया गया। मुनिश्री ने इस अनुष्ठान के अंतर्गत पन्द्रह विभिन्न प्रकार के गुणकारी तथा कष्ट निवारक मंत्रों का सामूहिक जाप करवाया। मंत्रोच्चारण के पश्चात मुनि रश्मिकुमारजी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि मंत्र, मणि और औषध ये तीनों तभी कारगर सिद्ध होते हैं जब कोई व्यक्ति उनका प्रयोग पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ करता है। आवश्यक नहीं है कि हम हरेक मंत्र की साधना करें, समस्या अनुसार गुरु, साधक आदि से तदनुसार संहिता प्राप्त कर उसकी स्तुति की जा सकती है। मुनि प्रियांशु कुमार अपने वक्तव्य में कहते हैं कि जैन धर्म में अनेक सिद्धियां विकसित है। भक्तामर स्तोत्र, मुणिन्द मोरा, विघ्न हरण, भिक्षु म्हारे प्रगट्या आदि ढ़ाल की रचना के प्रसंग का उल्लेख करते हुए प्रियांशु मुनिजी ने कहा कि ये स्तुतियां हमें बड़े से बड़े कष्ट से उबारने में प्रभावशाली है।

इससे पूर्व शनिवार सायंकालीन सत्र के दौरान तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में और मुनिद्वय के सान्निध्य में गुड पैरेंटिंग विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुनि रश्मिकुमारजी ने समागत अभिभावकों तथा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार ही असली सम्पदा है। माता-पिता अगर बच्चों के बाल्यावस्था में संस्कार निर्माण, किशोरावस्था में आवश्यक सख्ती और युवावस्था में उन की गतिविधियों पर निगरानी - इन बातों का ध्यान रखे तो वह व्यक्ति निश्चित रूप से सफल बनेगा। महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पा बाफना ने स्वागत भाषण दिया। मंत्री नीतू सेठिया ने मुनिवृन्द के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सभी सम्मिलित सदस्यों का आभार प्रकट किया। शर्मिला सिंघवी ने कार्यशाला का संचालन किया।

# महावीर मुनोत बने जैन युवा संगठन के अध्यक्ष, नीरज कटारिया बने मंत्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जैन युवा संगठन की साधारण सभा बीबीयूएल विद्यालय में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। मंत्री मदन मुनोत ने मंत्री प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा ने पूरे वर्ष के आय व्यय का ब्योरा दिया। जैन युवा संगठन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश धोका ने सेवा ट्रस्ट की विस्तृत रिर्पोट पेश की। सदस्यों के अनुशासन संबंधित नूतन नियम उपाध्यक्ष महावीर मुनोत ने बताए। संचालन पूर्व मंत्री दिलीप संचेती, आभार सह मंत्री विशाल गुगलिया ने प्रकट किया।

सभा के पश्चात आगामी कार्यकाल 2024-25 के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान ट्रस्ट के ट्रस्टी व चुनाव अधिकारी गौतम मेहता एवं सह चुनाव अधिकारी शांतिलाल मेहता द्वारा चुनाव प्रक्रिया संपन्न कर आगामी कार्यकाल के लिए 15 कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। इसके बाद कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से महावीर मुनोत को अध्यक्ष, मुकेश सुराणा को उपाध्यक्ष, नीरज कटारिया को मंत्री, सुश्रुत चेलावत को सहमंत्री, संतोष डूंगरवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कार्यकारिणी समिति के लिए अभिषेक बोहरा, अनुराग ललवानी, अनिल बंट, दिनेश तांतेड़, हितेश कांकलिया, मोनिश मुथा, मोती गोटावत, रितेश मेहता, विशाल गुगलिया, विनय गांधी को चुना गया। पदेन सदस्य के रुप में मदन मुनोत, दिनेश खिवेसरा, मुकेश बाबेल, विपुल पोरवाल तथा प्रवीण ललवानी, आतिश धोका को शामिल किया गया।



# असामाजिक तत्वों को रोकना अति आवश्यक : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के नजरबाद स्थित आदिश्वर वाटिका के प्रांगण में प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि जगह-जगह असामाजिक तत्व जैन साधुओं को मारने के प्रयत्न कर रहे हैं। उन्हें रोकना और सबक सिखाना अत्यंत आवश्यक हैं। काफी समय से कुछ असामाजिक तत्वों ने मिलकर जैन समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। वे जैन समाज व उनके साधु संतों पर हिंसा करते है व उन्हें अपमानित करते हैं। आचार्यश्री ने आप साथ घटी हिंसा की घटनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

निरपराधी जैन साधु-साध्वी और अहिंसक जैन समाज के लोग अत्यधिक चिंतित हैं। आचार्यश्री ने कहा कि आज रोजाना जैन समाज के संतों पर हिंसा व अप्रत्याशित घटनाएं घट रही है और ऐसा करने वाले खुले आम बाहर घूम रहे हैं जो कि चिंता का विषय है। आचार्यश्री ने राजस्थान के तखतगढ़, रानी फालना, गुजरात के भरूच में हुई घटनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में आदिनाथ जैन संघ, पार्श्व वाटिका जैन संघ, जैन चेरिटेबल ट्रस्ट, महावीर जिनालय ट्रस्ट और कल्याण मित्र वर्षावास समिति के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।



# कमलेश चोरड़िया बने तेयुप राजाजीनगर के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर का सप्तम वार्षिक अधिवेशन तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ। तेरापंथ सभा ट्रस्ट राजाजीनगर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने श्रावक निष्ठापत्र का वाचन किया। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने सभी का स्वागत किया। मंत्री कमलेश चौरडिया ने मंत्री प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष अजिंक्या चौधरी ने आय-व्यय का ब्योरा दिया। वर्ष 2024-25 के लिए सुमित बैद को अंकेक्षण के रुप में नियुक्ति की गई। तेरापंथ सभा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रोशनलाल कोठारी, अध्यक्ष अशोक चौधरी, सभा मंत्री एवं तेयुप परमार्शक चंद्रेश मांडोत, सभा पूर्व मंत्री महावीर मेहता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।बैठक के दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी सुनील बाफना ने वर्ष 2024-25 के लिए सर्वसम्मति से कमलेश चौरड़िया को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।

अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने नवमनोनित अध्यक्ष का स्वागत किया। नवमनोनित तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया ने सभी को धन्यवाद देते हुए मिलकर काम करने की आशा जताई। इस अवसर पर सभा, तेयुप आदि संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# कमलेश झाबक बने तेयुप हनुमंतनगर के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ युवक परिषद हनुमंतनगर की सप्तम वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष अंकुश बैद की अध्यक्षता में हुई। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन परमर्शक राजेद्र बैद ने किया। सहमंत्री देवेंद्र आचलियां ने गत साधरण सभा का वाचन किया। मंत्री राजीव हीरावत ने मंत्री प्रतिवेदन का पाठ किया। संगठन मंत्री ने नये सदस्यों की जानकारी दी। निवर्तमान सभी पदाधिकारियों ने सभी को धन्यवाद दिया तथा सभा सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। चुनाव अधिकारी राजेंद्र बैद ने कमलेश झाबक को सत्र 24-25 के लिए नया अध्यक्ष घोषित किया। कमलेश झाबक ने सभी को धन्यवाद दिया। उपाध्यक्ष विजय कटारिया ने धन्यवाद दिया। मंत्री राजीव हीरावत ने संचालन किया। उपस्थित सभी जनों ने नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।



# तिरुपुर में आयोजित हुआ सामूहिक सुन्दरकांड पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपुर। स्थानीय गांधीनगर के फ्रेंड्स कार्गो इंडिया अजीत जांगिड़ के कार्यालय में मां दुर्गा भक्त मंडल द्वारा 1366वां सुन्दरकांड पाठ का वाचन किया गया। मंडल की ओर से अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा फ्रेंड्स कार्गो इंडिया टीम को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर मंडल के अनेक अध्यक्ष सहित अधिकतर सदस्यों सहित तिरूपुर, सोमनुर, पल्लड़म, इरोड के श्रद्धालु भी उपस्थित थे जिन्होंने सामूहिक रुप से सुन्दरकांड का पाठ किया। ज्ञातव्य है कि मां दुर्गा भक्त मंडल एक ऐसी संस्था है जो निस्वार्थ एवं निशुल्क रुप से पूरे तिरुपुर जिले में प्रत्येक रविवार को सुन्दरकांड पाठ का वाचन किया जाता है।

## नई शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के यलहंका ओल्ड टाउन में प्रतिष्ठित नवरतन ज्वेलर्स के नए शोरुम का रविवार को राज्य के महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर, उद्योगपति सुनील शर्मा, प्रबंध निदेशक गौतम जैन ने उदघाटन किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक महेंद्र बाफना, नीतिश बाफना आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई न करने पर अफगानिस्तान की आलोचना की

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस्लामाबाद के बार-बार के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए काबुल की अफगान तालिबान सरकार की आलोचना की। आसिफ ने शनिवार को 'बीबीसी उर्दू' को दिए एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपये की पेशकश भी की है। 'जियो न्यूज' ने आसिफ के हवाले से कहा, ''पाकिस्तान को अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद थी लेकिन वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं है।'' पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार से बार-बार यह अनुरोध किया है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) तथा अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी जमीन का इस्तेमाल न करने दे। हालांकि, काबुल पाकिस्तान के इस दावे को खारिज करता रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा के इलाकों में स्थानांतरित करने के लिए 10 अरब रुपये की पेशकश भी की थी लेकिन उसे आशंका है कि आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी सीमा की ओर लौट सकते हैं।

## गुरुदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई से अखिल भारतीय तेयुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा के निर्देशन में 12 सदस्यीय एक दल ने महाराष्ट्र के नैरी में आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन किए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप गेलडा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप मुथा ने गुरुदेव से आने वाले कार्यकाल के लिए मंगलकामना की। सदस्यों ने साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी, मुख्य मुनिश्री महावीरमुनिजी, पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी सहित अनेक चरित्रात्माओं की सेवा दर्शन का लाभ मिला।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान

हुब्बल्ली के पाटिल लेआउट पार्क में विधायक महेश तेंगिनकाई, नगर निगम के सदस्य उमा मुकुंद, वी. मुकुंद, रघुराज इब्राहीमपुर, समाजसेवी विनोदकुमार पटवा, चंद्रशेखर बेलावड़ी आदि सदस्यों ने वृक्षारोपण किया तथा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## सहयोग

गदग के जैन अलर्ट ग्रुप ने रविवार को महावीर सर्कल, नामजोशी रोड, स्टेशन रोड, बेटगेरी, नरसापुर और संभापुर रोड पर नगर निगम के 300 से ज्यादा कर्मचारियों को टीशर्ट भेंट की। इस मौके पर मनोज बाफना, सुनील मोम्माया और दिनेश जैन आदि उपस्थित थे।

# महावीर गन्ना बने यशवंतपुर तेयुप के नए अध्यक्ष

बेंगलूरु। स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद यशवंतपुर के द्वितीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन तेरापंथ भवन में हुआ। पूर्व अध्यक्ष कमलेश दक, अभातेयुप से शाखा प्रभारी राकेश दक, अभातेयुप से विनोद मुथा ने श्रावक निष्ठा पत्र का वांचन किया। अध्यक्ष जिगर मारू ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। मंत्री महावीर गन्ना ने विगत बैठक का वाचन किया। कोषाध्यक्ष दीपक सेठिया ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष जिगर मारु ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यकाल के समाप्ति की घोषणा की। चुनाव अधिकारी अनिल दक, उपचुनाव अधिकारी सुनील बाबेल ने नए अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध रूप से महावीर गन्ना के नाम की घोषणा की गई। अधिवेशन में विनोद मुथा, शाखा प्रभारी राकेश दक, विशाल पितलिया, सभा अध्यक्ष सुरेश बरड़िया ने एवं अन्य उपस्थित सभी जनों ने नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

# विदेश मंत्री जयशंकर कतर के प्रधानमंत्री से मिले, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

दोहा/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया। यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है।

जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं।'' उन्होंने कहा, राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं।''

जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किये जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.